● सीधी, सिंगरौली ,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 10, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार, 07 फरवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



राष्ट्रपति अगले सप्ताह झारखण्ड की दो दिवसीय यात्रा करेंगी 5

भारत ने इंग्लैंड को 248 रन पर किया ढेर 6

## हमने तुष्टिकरण नहीं, संतुष्टिकरण का मॉडल दिया : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने विस्तार से चर्चा की है, देश को आगे की दिशा भी दिखाई है। राषट्रपति जी का अभिभाषण प्रभावी भी था और हम सबके लिए भविष्य के काम पर मार्गदर्शक भी था। इसे जिसने जैसा समझा, वैसे समझाया। सबका साथ, सबका विकास पर यहां बहुत कुछ कहा गया। इसमें कठिनाई क्या है। ये तो हम सबका दायित्व है। जहां तक कांग्रेस का सवाल है, उनसे इसके लिए कोई अपेक्षा करना बहुत बड़ी गलती होगी।

पीएम मोदी ने कहा कि, ये उनकी सोच, समझ के बाहर है और रोडमैप में भी सूट नहीं करता। इतना बड़ा दल एक परिवार के लिए समर्पित हो गया है। उसके लिए ये संभव ही नहीं है। कांग्रेस के मॉडल में फैमिली फर्स्ट सर्वोपरि रहा है। देश की जनता ने हमें तीसरी बार लगातार सेवा का मौका दिया। ये बताता है कि देश की जनता ने हमारे विकास के मॉडल को परखा है, समझा है और समर्थन दिया है। हमारा ये मॉडल एक शब्द में कहना हो तो कहूंगा- नेशन फर्स्ट। पीएम मोदी ने कहा कि, इसी उम्दा भावना के साथ वाणी-वर्तन, नीतियों में इसी एक बात को मानदंड मानकर सेवा करने का प्रयास किया है।



पीएम मोदी ने कहा कि लंबे समय तक देश को तराजू पर तौलने का कोई अवसर ही नहीं मिला था कि वैकल्पिक मॉडल क्या हो? 2014 में हमने देश को वैकल्पिक मॉडल दिया। जनता ने हमारे मॉडल को मंजूर किया। हमने तुष्टिकरण नहीं, संतुष्टिकरण का मॉडल दिया है। कांग्रेस का तरीका होता था कि जब चुनाव आए तब छोटे तबके को कुछ दे देना और बाकियों को तरसते देखना।

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जबरदस्त हमला बोलते हुए कहा कि, झुनझुना बांटना, लोगों की आंखों पर पट्टी बांधकर अपनी सियासत को चलाए रखना। इनकी नजर वोट की खेती पर होती थी। हमारी कोशिश रही है कि भारत के पास जो भी संसाधन हैं, उनका इष्टतम उपयोग किया जाए। जो समय है, उसको भी बर्बादी से बचाकर के पल-पल का उपयोग जनकल्याण के लिए, देश की प्रगति के लिए खर्च हो।

पीएम मोदी ने कहा कि, हमारी सरकार ने एससी-एसटी एक्ट को मजबूत बनाकर दलित-आदिवासी समाज के प्रति सम्मान भी दिखाया, प्रतिबद्धता भी दिखाई। आज जातिवाद का जहर फैलाने के लिए भरपूर प्रयास हो रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज जातिवाद के जहर फैलान के लिए भरपूर प्रयास हो रहा है। लेकिन तीन-तीन दशक दोनों सदन के ओबीसी एमपी और सभी दलों के ओबीसी एमपी सरकारों से मांग करते रहे थे कि ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया जाए, ठुकरा दिया गया। इनकार किया गया क्योंकि शायद उस समय उनके राजनीति को ये सूट नहीं करता था। हम सबने मिलकर तीन-तीन दशक से मेरे ओबीसी समाज ने जिस बात की मांग की थी हमने आकर इस आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया।

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे लिए इनका मान-सम्मान भी उतना ही महत्वपूर्ण है। देश में जब-जब आरक्षण का विषय आया, उसको एक तंदुरुस्त तरीके से सत्य को स्वीकार करते हुए करने का प्रयास नहीं हुआ। दुश्मनी पैदा करने वाले तरीके अपनाए गए। पहली बार हमारी सरकार ने एक ऐसा मॉडल दिया कि हमने सामान्य वर्ग के गरीब को 10 फीसदी आरक्षण दिया, बिना तनाव के, बिना किसी का छीने। एससी-एसटी, ओबीसी ने भी इसका स्वागत किया। पूरे राष्ट्र ने इस बात को स्वीकार किया।

पीएम मोदी ने कहा कि बाबा साहब के प्रति कांग्रेस को कितनी नफरत थी, कितना गुस्सा था, इसके प्रमाण हैं। बाबा साहब को दो-दो बार चुनाव हराने के लिए क्या कुछ नहीं कहा गया। बाबा साहब को कभी भारत रत्न के योग्य नहीं समझा गया। इस देश के लोगों ने बाबा साहब की भावना का आदर किया, सर्व समाज ने किया। तब आज मजबूरन कांग्रेस को जय भीम बोलना पड़ रहा है।

## समाज सेवा ही राष्ट्र की सेवा है: डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र प्रेम की सीख देने की जीवंत इकाई है। इसके नाम से ही सेवा का भाव उत्पन्न होता है। यह संगठन विद्यार्थियों के गुणों का संवर्धन कर उन्हें समुदाय विकास की मूल भावना से ओत-प्रोत कर देश के विकास में सहयोग देता है। यह बेहद प्रशंसनीय है कि आज हमारे विद्यार्थी एनएसएस को एक विषय के रूप में पढ़ रहे हैं। युवा ही देश का भविष्य हैं और इनमें सेवा भावना के विकास से देश का विकास और अधिक तीव्र गति से होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में गणतंत्र दिवस परेड-2025 नई दिल्ली में मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विद्यार्थियों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एनएसएस के समर्पण




और सेवा भावना की सराहना करते हुए परेड में शामिल हुए विद्यार्थियों और उनके समन्वयकों को मैडल देकर सम्मानित किया और शुभाशीष भी दिया। इन एनएसएस विद्यार्थियों ने कर्तव्यपथ, नई दिल्ली में 26 जनवरी 2025 को हुई गणतंत्र दिवस परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मध्यप्रदेश का नाम रौशन किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में समाजसेवा, राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और साहचर्य की भावना विकसित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों ने इस परेड में बेहतरीन प्रदर्शन कर पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को आगे भी समाजसेवा में हरसंभव सहयोग देने और राष्ट्रीय जागरूकता से जुड़े कार्यों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। युवा ऊर्जा को सही दिशा देकर हम सभी युवाओं की प्रतिभाओं को तराशकर प्रदेश के विकास में उनका सहयोग ले रहे हैं।

## बंगाल को बिजनेस समिट में रु. 4.40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले : ममता

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को बताया कि पश्चिम बंगाल को इस साल दो दिवसीय व्यापार सम्मेलन के दौरान 4.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के निवेश प्रस्ताव प्राप्त मिले। उन्होंने कहा कि राज्य निवेशकों के लिए ''प्रमुख गंतव्य'' बना हुआ है। शिखर सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए बनर्जी ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में कुल 212 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) और आशय पत्रों पर हस्ताक्षर किए गए, जो राज्य के मजबूत निवेश माहौल का प्रतीक है। उन्होंने शिखर



सम्मेलन के बारे में कहा, हमें इस आयोजन के दौरान 4,40,595 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे पश्चिम बंगाल में हजारों रोजगार के अवसर पैदा होंगे। बनर्जी ने 2011 से अब तक 1.72 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने के लिए अपनी सरकार के विकास प्रयासों को भी श्रेय दिया। उन्होंने कहा, बुनियादी ढांचे, उद्योग और सामाजिक कल्याण पर हमारे फोकस से महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। 2023 में आयोजित बीजीबीएस के पिछले संस्करण में 3.76 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जो राज्य की अर्थव्यवस्था की स्थिर वृद्धि को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री ने पिछले शिखर सम्मेलनों की सफलता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पिछले सात बीजीबीएस संस्करणों में 19 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ है, जिसमें से 13 लाख करोड़ रुपये का काम पहले ही पूरा हो चुका है।

## मप्र विधानसभा का बजट सत्र 10 से 24 मार्च तक

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की अधिसूचना जारी हो गई है। सोलहवीं विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से शुरू होगा और 24 मार्च तक चलेगा। 15 दिवसीय सत्र में 9 बैठकें होंगी। इस दौरान सदन में बैठकें और विधेयकों पर चर्चा होगी।। इसकी अधिसूचना विधानसभा सचिवालय द्वारा गुरुवार को जारी कर दी गई है। विधानसभा सचिवालय में अशासकीय विधेयकों की सूचनाएं 19 फरवरी और अशासकीय संकल्पों की सूचनाएं 6 मार्च तक प्राप्त की जाएंगी। वहीं, स्थगन प्रस्ताव, ध्यानाकर्षण, नियम 267- क के अधीन सूचनाएं विधानसभा में चार मार्च से कार्यालय में प्राप्त की जाएंगी।

## देवगौड़ा ने मोदी को बताया सबसे बड़ा नेता

### विपक्ष के आरोपों और कर्नाटक की समस्याओं पर भी की चर्चा

**नई दिल्ली ।** गरुवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा ने पीएम मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए उन्हें सबसे बड़ा नेता बताया, जो अपने विशाल अनुभव के साथ देश का नेतृत्व कर सकते हैं। साथ ही देवेगौड़ा ने पीएम मोदी को एक पिछड़ी महिला को राष्ट्रपति चुनने के लिए धन्यवाद भी कहा। पूर्व पीएम ने मोदी सरकार पर विपक्ष द्वारा लगाए गए सांप्रदायिक और संघीय ढांचे के



दुश्मन होने के आरोपों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब मोदी को तीसरे कार्यकाल में पूर्ण बहुमत नहीं मिला, तब क्षेत्रीय दल उनका समर्थन करने के लिए एकजुट हो गए। देवेगौड़ा ने कहा कि मोदी के पास प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के रूप में प्रशासन चलाने का अच्छा अनुभव है, और वह इस देश के सबसे बड़े नेता हैं, जो देश को चला सकते हैं। देवेगौड़ा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भाषण में मध्यम वर्ग, युवा और महिलाओं को प्राथमिकता दिए जाने की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए एक स्थिर सरकार की जरूरत है, जो पांच साल तक चले। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्रीय दलों के समर्थन से मोदी की सरकार पांच साल तक चलेगी।

देवेगौड़ा ने किसानों और अन्य योजनाओं के लिए घोषित वित्तीय सहायता पर भी बात की। उन्होंने विपक्ष की आलोचना को बहुत मुश्किल बताया।

## मध्यप्रदेश को मिलेगा जल्द ही एक नया टाइगर रिजर्व : मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को जल्द ही एक नया टाइगर रिजर्व मिलने वाला है। माधव टाइगर अभ्यारण्य जल्द ही राज्य का 9वां टाइगर रिजर्व बनेगा। इससे चंबल अंचल में वन्य जीवों की संख्या बढ़ेगी। मध्यप्रदेश वन्य जीवन संरक्षण में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। बुधवार को कूनो क्षेत्र में 5 चीते छोड़े गए, इनमें से 3 का जन्म तो प्रदेश में ही हुआ है। इस प्रकार अब सात चीते स्वयं को मध्यप्रदेश की आबोहवा में ढाल रहे हैं।

## भारत की गरिमा का अपमान, अमेरिका द्वारा अवैध भारतीयों के निर्वासन के तरीके पर बोले शशि थरूर

**नई दिल्ली।** अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे भारतीय के निर्वासन को लेकर देशभर में चर्चा हो रही है। इसी बीच गुरुवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे भारत का अपमान बताते हुए कहा कि जिस तरह से अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीयों को निर्वासित किया गया है, वह भारत और भारतीयों की गरिमा का अपमान है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को अमेरिका को एक संदेश जारी करने की जरूरत है, जिससे यह साफ की हो कि उसे अपमानजनक तरीके से ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं है। बता दें कि बुधवार को 104 अवैध भारतीय अप्रवासियों को लेकर अमेरिकी सैन्य विमान अमृतसर पहुंचा। अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई के तहत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड टंप के द्वारा निर्वासित भारतीय का ये पहला खेफ था। इस खेप में आने वाले निर्वासितों ने ये दावा किया कि पूरी यात्रा के दौरान उसके हाथ और पैर दोनों को बांधा दिया गया था, जो कि अमृतसर पहुंचने के बाद खोला गया।

## महाकुंभ में भीड़ बढ़ने के बाद पांटून पुल बाइक के लिए किए गए बंद

**प्रयागराज।** महाकुंभ में पुल नंबर 19 पुल बंद करने के बाद लोगों में जबर्दस्त आक्रोश है। भीड़ बढ़ने के बाद प्रशासन ने अधिकांश पुलों को बंद कर दिया गया है। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वीआईपी आवागमन होने के कारण पुलों को बंद कर दिया गया है। लोगों को एक दूसरे पुल पर भेजा जा रहा है, लेकिन जब श्रद्धालु दूसरे पुल पर पहुंच रहे हैं तो वहां भी पुल बंद मिल रहा है। इस तरह लोग एक दूसरे पुल का चक्कर काट रहे हैं।



पुलों के दोनों तरफ लोगों की भारी भीड़ है। महाकुंभ में भारी भीड़ के चलते प्रयागराज-वाराणसी राजमार्ग पर बना पक्का पुल (शास्त्री सेतु) पर सुबह से ही जाम लगा है और वाहन रेंग रहे हैं। इसी तरह पांटून पुल भी बंद कर दिया गया है। इससे लोग एक दूसरे तरफ नहीं जा पा रहे हैं। अगर पैदल जाने दिया जा रहा है तो दो पहिया वाहनों को पुल से नहीं गुजरने दिया जा रहा है। वाहनों के लिए मेला क्षेत्र चार फरवरी तक नो व्हीकल जोन घोषित किया गया था, लेकिन छह फरवरी को भी वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

पैदल श्रद्धालुओं के लिए कुछ पुल खुले हैं, लेकिन दो पहिया वाहनों को पुल से गुजरने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इससे वाहनों की लंबी कतार लग गई है। अपने वृद्ध परिजनों को बाइक पर बैठाकर मेला क्षेत्र में पहुंचे श्रद्धालु काफी परेशान हैं।

माना जा रहा था कि वसंत पंचमी अमृत स्नान के बाद मेले की व्यवस्था दुरुस्त हो जाएगी और लोग कम से कम दो पहिया वाहनों से मेले में जा सकेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

## शेख हसीना के बयान पर बौखलाया बांग्लादेश

### भारतीय उप उच्चायुक्त से को पत्र लिखकर दर्ज कराया विरोध

**ढाका।** बांग्लादेश में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रही है। इसी बीच विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि बांग्लादेश ने भारत में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना द्वारा दिए गए झूठे और मनगढ़ंत बयानों पर भारत से विरोध दर्ज कराया है। बता दें कि यह घटनाक्रम हसीना द्वारा बुधवार रात सोशल मीडिया के माध्यम से दिए गए भाषण के एक दिन बाद सामने आया है, जिसमें उन्होंने देशवासियों से मौजूदा शासन के खिलाफ संगठित तौर पर प्रतिरोध करने की अपील की थी। मामले में विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत के कार्यवाहक उच्चायुक्त को सौंपे गए विरोध पत्र में बांग्लादेश ने 'गहरी चिंता, निराशा और गंभीर आपत्ति' जताई है। साथ ही बांग्लादेश ने कहा है कि इस तरह के बयान देश के लोगों की 'भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं।

## एयरफोर्स का फाइटर प्लेन क्रैश, खेत में गिरते ही लगी आग

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में सेना का फाइटर प्लेन क्रैश हो गया। हादसे में दोनों पायलटों के घायल होने की सूचना सामने आई है। प्लेन एक खेत में क्रैश हुआ, जिसके बाद उसमें आग लग गई। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण घटना स्थल के पास पहुंच गए थे। मौके पर एयरफोर्स का हेलीकॉप्टर पहुंचा और दोनों पायलटों को लेकर ग्वालियर रवाना हुआ है। जानकारी के मुताबिक, नरवर तहसील के दबरासानी गांव में गुरुवार दोपहर सेना का एक फाइटर प्लेन क्रैश होकर किसानों के खेतों में जा गिरा। प्लेन जलकर खाक हो गया है। हालांकि, प्लेन में सवार दोनों पायलट पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

### विपक्ष का हल्लाबोल

## आरएसएस के एजेंडे को आगे बढ़ाने का प्रयास, यूजीसी नियमों के मसौदे के विरोध में उतरे राहुल

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के ड्राफ्ट नियमों को लेकर विपक्षी दलों का विरोध तेज हो गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित कई विपक्षी नेताओं ने इसे लेकर केंद्र पह हमला बोलते हुए कहा कि वे राज्य सरकारों की सारी शक्ति अपने हाथ में लेना चाहते हैं।



दिल्ली के जंतर-मंतर द्रमुक द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) नियमों के मसौदे के खिलाफ आयोजित विरोध प्रदर्शन में बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति पर यूजीसी के मसौदा नियम आरएसएस के एजेंडे को आगे बढ़ाने की कोशिश है। इसका उद्देश्य देश पर एक इतिहास, एक परंपरा, एक भाषा थोपने का अपना एजेंडा है। राहुल गांधी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का उद्देश्य देश के अन्य सभी इतिहास, संस्कृतियों और परंपराओं का उन्मूलन करना है। यूजीसी के मसौदा नियम इसका शुरुआती बिंदु हैं। वे यही हासिल करना चाहते हैं। यह एक तरह से संविधान पर खुले हमले की तरह है। अलग-अलग राज्यों की शिक्षा प्रणाली के साथ छेड़-छाड़ की जो कोशिश की जा रही है।

## निर्वासितों के साथ दुर्व्यवहार न हो : जयशंकर

**नई दिल्ली।** अमेरिका से निर्वासित किए गए भारतीय नागरिकों पर राज्यसभा में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बयान दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह सभी देशों का दायित्व है कि यदि उनके नागरिक विदेश में अवैध रूप से रह रहे पाए जाते हैं तो उन्हें वापस ले लिया जाए। हम अमेरिकी सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वापस लौटने वाले निर्वासितों के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार न हो।

जयशंकर ने कहा, सदन इस बात की सराहना करेगा कि हमारा ध्यान अवैध आव्रजन उद्योग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई पर है। ऐसा होना भी चाहिए। निर्वासितों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर कानून प्रवर्तन एजेंसियां एजेंटों और ऐसी एजेंसियों के खिलाफ आवश्यक, निवारक और अनुकरणीय कार्रवाई करेंगी।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि यह सभी देशों का दायित्व है कि यदि उनके नागरिक विदेश में अवैध रूप से रह रहे पाए जाते हैं तो वे अपने नागरिकों को वापस लें। यह नीति केवल एक देश पर लागू नहीं है। निर्वासन की प्रक्रिया कोई नई नहीं है, यह कई वर्षों से है।



जयशंकर ने कहा, अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे वापस लौटने वाले प्रत्येक व्यक्ति (अमेरिका से निर्वासित भारतीय) के साथ बैठें और पता लगाएं कि वे अमेरिका कैसे गए, एजेंट कौन था और हम कैसे सावधानी बरतें ताकि यह फिर न हो। कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला के सवाल का जवाब देते हुए विदेश मंत्री ने कहा, %हम जानते हैं कि कल 104 लोग वापस आए हैं। हमने ही उनकी राष्ट्रीयता की पुष्टि की है। हमें ऐसा नहीं समझना चाहिए कि यह कोई नया मुद्दा है। यह एक ऐसा मुद्दा है जो पहले भी होता रहा है। कानूनी गतिशीलता को प्रोत्साहित करना और अवैध आवागमन को हतोत्साहित करना हमारे सामूहिक हित में है। सभी देशों का यह दायित्व है कि यदि उनके नागरिक विदेश में अवैध रूप से रह रहे पाए जाते हैं तो उन्हें वापस ले लिया जाए। निर्वासन की प्रक्रिया कोई नई नहीं है। जयशंकर ने अमेरिका से अब तक भारत निर्वासित किए गए लोगों के आंकड़े भी सदन के सामने रखे। उन्होंने कहा कि साल 2009 में 734, साल 2010 में 799, साल 2011 में 597, साल 2012 में 530 भारतीयों को निर्वासित किया गया। उन्होंने इस संबंध में 2024 तक के आंकड़े साझा किए।

दरअसल, अमेरिका में कथित तौर पर बिना दस्तावेजों के रह रहे भारतीयों को निर्वासित किए जाने के मुद्दे पर गुरुवार को संसद के दोनों सदनों में विपक्ष ने हंगामा किया। इससे पहले अमेरिकी सेना का एक विमान बुधवार को अमेरिका में कथित तौर पर बिना दस्तावेजों के रह रहे भारतीयों को लेकर अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरा था। डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार सत्ता संभालने के बाद से ये अमेरिका में रह रहे भारतीयों का पहला निर्वासन है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ व्यापक वार्ता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी वॉशिंगटन यात्रा से कुछ ही दिन पहले यह कार्रवाई हुई है।

# कंप्यूटर ऑपरेटरो के नाम पर संविदाकार और अधिकारियों ने जमकर की धांधली

## कई वर्षो से हो रहा खेल, आयुक्त ने किया बेपर्दा, जिम्मेदारों की बढ़ी धड़कनें

**सिंगरौली।** नगर पालिका निगम सिंगरौली में अब कंप्यूटर ऑपरेटरो के घोटाले का बेपर्दा हो रहा है। नगर निगम के अधिकारियों और संविदाकार ने ऑपरेटर के नाम पर जो धांधली की है उसका विगत दिवस आयुक्त ने कंप्यूटर ऑपरेटरो का प्रशिक्षण लेकर खुलासा कर दिया है। ऐसे में यह सवाल उठता है की नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी अपने कारखासों को रखकर सिर्फ नगर निगम के पैसे का दुरुपयोग कर रहे थे और उसके बदले में संविदाकार से जमकर कमीशन खा रहे थे। आयुक्त के प्रशिक्षण में आधे से अधिक कंप्यूटर ऑपरेटर फेल हो गए हैं अब यह देखना है कि 15 दिवस की अवधि दी गई है। क्या उसमें पास हो जाएंगे या फिर अधिकारियों के इशारे पर आयुक्त भी चलेंगे।



नगर निगम सिंगरौली के जुड़े सूत्रों की बातों पर गौर करें तो नगर निगम सिंगरौली के अलावा उप जोन मोरवा व नवजीवन विहार सहित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के पास लगभग 40 कंप्यूटर ऑपरेटर की भर्ती की गई है। कई तो ऐसे कंप्यूटर ऑपरेटर हैं जो न नगर निगम में आते हैं और नहीं उप जोन में बैठते हैं। यह कंप्यूटर ऑपरेटर जिम्मेदार अधिकारियों के कार खास कहे जाते हैं। इन्हें सिर्फ इसलिए रखा गया है ताकि अंकगणित को बढ़ाया जा सके। उसके बदले में संविदाकार से भारी भरकम कमीशन लिया जा सके। सूत्र तो यह भी दावा करते हैं कि कंप्यूटर ऑपरेटरो के वेतन की जिम्मेदारी जिस अधिकारी के पास है उस अधिकारी के द्वारा जमकर धांधली की जा रही है। यह पूरा खेल नगर निगम आयुक्त को अंधेरे में रखकर किया जा रहा था। यह कोई पहला मामला नहीं है कई वर्षों से कंप्यूटर ऑपरेटरो के नाम पर जिम्मेदार अधिकारी नगर निगम के खजाने को लूटवा रहा है। किसी भी आयुक्त की नजर इस और नहीं गई कि। जिन कंप्यूटर ऑपरेटरो को रखा गया है उनके पास तो डिग्री है लेकिन जमीनी स्तर पर कंप्यूटर चलाने की दक्षता नहीं है। यहां तक की आगे से अधिक कंप्यूटर ऑपरेटरो को कंप्यूटर का कोई ज्ञान नहीं है। इसके बावजूद अधिकारियों ने कंप्यूटर चलाने के लिए भर्ती कर लिया है।

### अधिकारियों की कमी आयुक्त ने पकडी

कई वर्षों से कई आयुक्तो को जिम्मेदार अधिकारियों ने अंधेरे में रखा था। लेकिन आयुक्त डीके शर्मा ने इन अधिकारियों के करतूतो को आखिरकार पकड़ ही लिया। कुछ जिम्मेदार अधिकारियों ने अपने कारखास कंप्यूटर ऑपरेटरो को बचाने का प्रयास किया। और इशारों- इशारों में बताया गया था कि आयुक्त के द्वारा सभी चैंबरों का भ्रमण किया जाएगा। इसलिए बच के रहना। लेकिन आयुक्त ने भी कुछ समय लिया और बाद में सभी चैंबरों और कंप्यूटर ऑपरेटरो के प्रशिक्षण लेने लगे। जिन्हें समझाया गया था वही कंप्यूटर ऑपरेटर आयुक्त के प्रशिक्षण में फस गए।

### जब जानकारी नहीं तो क्यों रखा

बताया जाता है कि कमिश्नर के द्वारा निरीक्षण किया गया तो आधे से ज्यादा कंप्यूटर ऑपरेटर प्रशिक्षण में फेल हो गए। जहां आयुक्त के द्वारा कहा गया कि इन्हें कंप्यूटर की जानकारी नहीं तो क्यों रखा गया। इन्हें दूसरे काम में लगाओ। जिन्हें बेहतर काम आ रहा है उन्हें जिम्मेदारी दो। या फिर इन्हें 15 दिवस का समय दो ताकि सीख कर आए। नगर निगम के अधिकारियों की पोल कमिश्नर के सामने खुली तो अपने आप को बचाने में जुट गए। यह अधिकारी नगर निगम को दीमक की तरह खोखला कर रहे हैं इसके बावजूद ऐसे बे लगाम अधिकारियों पर कार्यवाही नहीं हो रही है।

# घर से लापता नाबालिका को मोरवा पुलिस में ढूंढ निकाला

**अपहरण करने वाला आरोपी भी गिरफ्तार, नाबालिका का अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में दर्ज हुआ मामला**



**सिंगरौली।** बीते माह 28 जनवरी को मोरवा थाना क्षेत्र के जगमोरवा से लापता 16 वर्षीय नाबालिका को अंतत: मोरवा पुलिस में ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इस मामले में सिंगरौली पुलिस अधीक्षक द्वारा 5000 के इनाम भी घोषित किया गया था।

सिंगरौली पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा गुम बालक/ बालिकाओं के दस्तीयबी हेतु चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन मुस्कान के तहत एसडीओपी कृष्ण कुमार पांडे के मार्गदर्शन में मोरवा निरीक्षक उमेश प्रताप सिंह द्वारा गठित टीम ने नाबालिका को आज उसके परिजनों को सौंप दिया है। गौरतलब है कि बीते 28 जनवरी को थाना क्षेत्र के जगमोहन निवासी एक परिजन ने थाने में तहरीर दर्ज कराई थी कि उसकी 16 वर्षीय बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए मामला दर्ज कर अपहृता की तलाश शुरू की। इसके बाद सूचना के आधार पर विवेचना बढ़ाते हुए नाबालिका को दस्तयाब कर लिया गया। वहीं न्यायालय में नाबालिका ने दर्ज बयान में बताया की उसके पड़ोस में रहने वाला सुमित सोनी उसे भगा कर ले गया था, जिसने उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के बयान के आधार पर मोरवा पुलिस ने आरोपी सुमित सोनी पिता राकेश कुमार सोनी उम्र 22 वर्ष निवासी जगमोरवा को अपराध धारा 137(2), 64 (2)(एन), 87 बीएनएस एवं 3(2)(व्ही), 3(1)(डब्लू)(द्वद्व) एससी एसटी एक्ट, 5(एल)/6 पोस्को एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस की कार्यवाही में उपनिरीक्षक एनपी तिवारी, आरपी सिंह, सहायक उपनिरीक्षक डीएन सिंह, प्रधान आरक्षक संजय सिंह परिहार, आरक्षक दसरथ माझी, महिला आरक्षक मुरली एवं गायत्री समेत नायक साहब लाल की भूमिका रही।

# निवास पुलिस ने साइबर ठगी के पीड़ित को लौटाये 1 लाख 20 हजार, हो रही तारीफ

सिगरौली

जिले में साइबर अपराधों से निपटने के लिए चलाए जा रहे साइबर जागरूकता अभियान को बड़ी सफलता मिली है। निवास पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार हुए महुआ गांव निवासी वासुदेव साहू को महज 22 घंटे के भीतर 120000 रुपए वापस दिलाने में सफलता हासिल की है। निवास पुलिस के द्वारा साइबर फ्रॉड के मामले में त्वरित निराकरण को लेकर पीड़ित ने जमकर तारीफ की है।

पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में व थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह भदोरिया के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक प्रियंका सिंह के द्वारा साइबर जागरूकता अभियान क्षेत्र में चलाया जा रहा है ताकि क्षेत्र की जनता साइबर फ्रॉड से बच सके। यही वजह है कि जनता जागरुक हुई और साइबर जागरूकता अभियान का फायदा मिला तभी तो ठगी के शिकार पीड़ित का पैसा वापस आया। चौकी प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर जागरूकता अभियान के दौरान बीते 4 फरवरी को रात्रि तकरीबन 9 बजे सूचना प्राप्त हुई कि पीड़ित वासुदेव साहू निवासी महुआ गांव के खाते से तकरीबन 7॰30 शाम को 1 लाख 20 हजार रुपये कट गया हैं। जिसकी त्वरित कार्यवाही करते हुए 1930 पर कॉल कर कंप्लेंट रजिस्टर्ड करा कर पैसा होल्ड कर दिया गया। जिससे पीड़ित वासुदेव साहू के खाते में 1 लाख 20 हजार रुपए बीते 5 फरवरी को शाम करीब 5॰30 वापस आ गया। पुलिस के सक्रियता के चलते महज 22 घंटे में पीड़ित को उसके खाते में पैसा वापस कराया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी निवास उपनिरीक्षक प्रियंका सिंह, प्रधान आरक्षक ज्ञानेंद्र सिंह, आरक्षक प्रभात कुमार दुबे, रविराज सिंह, प्रवीण पांडेय का सराहनीय योगदान रहा है।

# नवानगर पुलिस ने डीपीएस स्कूल में साइबर सुरक्षा को लेकर किया क्विज कॉम्पिटशन

## सेफ क्लिक अभियान के तहत किया जागरूकता कार्यक्रम

सिंगरौली

नवानगर थाना पुलिस ने साइबर सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मार्गदर्शन में सेफ क्लिक अभियान शुरू किया गया, जिसके तहत 5 फरवरी को थाना क्षेत्र के डीपीएस स्कूल में ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कर विशेष जागरूकता कार्यक्रम किए गए। साथी छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के बारीकियों को समझाया गया। नवानगर थाना प्रभारी डॉ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि एडिशनल एसपी शिवकुमार वर्मा के निर्देशन में डीपीएस स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों को साइबर सुरक्षा की बारीकियां समझाई गई। साथ



ही मजबूत पासवर्ड बनाने, सोशल मीडिया की प्राइवेसी सेटिंग्स और संदिग्ध लिंक से बचने जैसे महत्वपूर्ण सुरक्षा टिप्स साझा किए। उन्होंने कहा कि यह पहल विशेष रूप से छात्राओं और महिलाओं को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने पर केंद्रित है। पुलिस का मानना है कि नियमित जागरूकता कार्यक्रमों से लोग डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रह सकेंगे और साइबर अपराधों का शिकार होने से बच सकेंगे। इस तरह के कार्यक्रम डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वहीं स्कूल में साइबर सुरक्षा पर ड्राइंग और पेंटिंग के साथ क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेताओं को पुरस्कृत भी किए जाएंगे। थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों को बताया कि डिजिटल दुनिया में साइबर अपराध बढ़ रहे हैं। हरेक व्यक्ति जो मोबाइल का उपयोग करता है उसे सावधानी व सतर्कता के साथ सुरक्षित लिंक पर ही क्लिक करना चाहिए. छात्र-छात्राओं को वर्तमान में होने वाले ट्रेंडिंग सायबर अपराधों जैसे डिजिटल अरेस्ट, शेयर ट्रेडिंग फ्रॉड, गूगल कस्टमर केयर नंबर सर्च फ्रॉड, ऑनलाइन जॉब फ्रॉड, फेक कस्टमर केयर फ्रॉड, लोन फ्रॉड आदि के बारे में जानकारी दी और उनसे बचाव के तरीकों से अवगत कराया. साथ ही इंटरनेट और सोशल मीडिया के उपयोग में बरती जाने वाली सावधानियों से भी अवगत कराया गया.वहीं अपराध होने पर साइबर ब्रांच व 1930 पर कॉल करें।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत सरई पुलिस ने गढ़ाखांड से किशोरी को किया दस्तयाब

**सिंगरौली।** जिले के सरई थाना क्षेत्र अंतर्गत तिनगुड़ी से बीते 30 अक्टूबर 2024 को एक किशोरी घर से बिना बताए गढाखांड चली गई थी। जहां पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत किशोरी को बीते 5 फरवरी को दस्तयाब कर परिजनों को सुपूर्द किया गया है।



मुख्यालय भोपाल द्वारा नाबालिक बालक बालिकाओं की दस्तयावी हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत लगातार बालक बालिकाओं की खोजबीन चल रही है। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में सरई थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह भदोरिया के नेतृत्व में टीम के द्वारा फरियादी छोटू सिंह गौड़ पिता सीताराम सिंह गोड उम्र 42 वर्ष निवासी तिनगुड़ी के बताएं अनुसार उसकी बेटी उम्र लगभग 14 वर्ष बीते 30 अक्टूबर 2024 को घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि नात रिश्तेदारी में तलाश किया गया, लेकिन कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध करते हुए किशोरी की तलाश में जुट गई। मुखबिर की सूचना एवं तकनीकी सेल के माध्यम से पता चला कि बालिका माडा थाना क्षेत्र के गढाखांड में है। जहां स्थानीय पुलिस के सहयोग से बालिका को दस्तयाब किया गया एवं सकुशल परिजनों को सुपूर्द किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह भदौरिया, उनि आरके वर्मा, सउनि निलेश मिश्रा, पुष्प गिरी, प्रधान आरक्षक हरिभजन सिंह, आरक्षक रिंकू धाकड, बबलू यादव के अलावा साइबर सेल सोबाल वर्मा, नंदकिशोर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# बिजली की चपेट में आये कर्मी की इलाज के दौरान हुई मौत

## विभाग के सामने शव रख किया विरोध, पहुचे विधायक व अधिकारी

**सिंगरौली।** कोतवाली थाना पुलिस चौकी शासन क्षेत्र के करकोटा निवासी चंद्रिका पनिका जो बिजली विभाग में लाइनमैन के पद पर कार्यरत थे विगत दो हफ्ते पूर्व विद्युत की चपेट में आने से जख्मी हालत में जिला ट्रामा सेंटर लाया गया डॉक्टर द्वारा मरीज की हालत को देखते हुए जबलपुर मेट्रो हॉस्पिटल के लिए रेफर किया गया था जहां उपचार दौरान बीते 5 फरवरी को अस्पताल में उपस्थित डॉक्टरों ने चंद्रिका पानी का लाइनमैन को मृत घोषित कर दिया।



वहीं पूरे मामले को लेकर मृतक परिजन ने बीती रात से ही विद्युत विभाग कार्यालय के बाहर शव को रखकर अनशन पर बैठ गए थे। बिजली विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए मृतक चंद्रिका पनिका के परिजन ने कहा कि मौत की वजह बिजली विभाग में पदस्थ कर्मचारी अधिकारी हैं इन्हीं की लापरवाही के वजह से आज इतना बड़ा हादसा हुआ। मृतक चंद्रिका पनिका के परिजन ने जिला प्रशासन से अपनी मांग रखते हुए कहा कि दो छोटे-छोटे बच्चे हैं मुझे बिजली विभाग में एक नौकरी दी जाए और मुआवजा राशि जिससे मेरे बच्चों का भरण पोषण और जीवनयापन हो सके। इसके बाद आज गुरुवार सुबह मौके पर जिला प्रसाशन सहित विधायक राम निवास शाह भी धरना स्थल पर पहुंचे और परिजनों को समझा कर कंपनी से बात कर कंपनी की तरफ से परिजनों को 5 लाख की सहायता राशि व सम्बल योजना की 4 लाख की राशि दी गयी और कंपनी में एक नौकरी के आश्वाशन पर परिजनों ने अनशन को ख़त्म किया। मौके पर एसडीएम सृजन वर्मा व कोतवाली थाना प्रभारी अशोक सिंह परिहार अपने दल बल के साथ मौजूद रहे।

# माड़ा के जंगल में बाघिन का मूवमेंट, वन विभाग ने कराई मुनादी



**सिंगरौली।** जिले के वन परिक्षेत्र पश्चिम सरई, पूर्व सरई एवं माड़ा के वन क्षेत्र के जंगल में बाघिन ने दस्तक दी है. यह बाघिन संजय टाईगर रिजर्व सीधी क्षेत्र से विचरण करते हुये सिंगरौली के वन क्षेत्र में आई हुई है। बाघिन के मूवमेंट पर संजय टाईगर रिजर्व सीधी एवं वन मण्डल सिंगरौली की टीम संयुक्त रूप से बाघिन के मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है। साथ ही जंगल से लगे गांव में मुनादी भी कराई जा रही है।

एसडीओ नरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि जिले के माड़ा, नादों, बिरदहा, लंघाडोल, डोंगरी के क्षेत्र में बाघिन मूवमेंट कर रही हैं। बाघिन संजय टाइगर रिजर्व से सिंगरौली की जंगलों में विचरण कर रही है। खबर लगने के बाद संजय टाइगर रिजर्व की टीम और वन विभाग के करीब 10 से 12 कर्मचारियों की एक टीम दिन-रात जंगल से सटे इलाकों में घूम रही है। टीम यहां के लोगों को भी अलर्ट कर रही है कि वह समय पर घर आ जाएं। जंगल की तरफ ना जाएं। जंगल से लगे जो भी घर हैं उन सभी को अलर्ट रहने को कहा गया है। साथ ही वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा में वन विभाग का सहयोग करें। वहीं वन अमला लोगों को जागरूक करने के लिए मुनादी कराई जा रही है।

दो दिन से बाघिन के मूवमेंट के बाद संजय टाइगर रिजर्व के अधिकारी और वन अमलें की टीम माड़ा और सरई पहुंच गए हैं। टीम दिन -रात गस्त कर बाघिन के मूवमेंट पर नजर बनाए हुए हैं। वहीं जंगल में आधा दर्जन से अधिक ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं. साथ ही ग्रामीणों से जंगल की ओर नहीं जाने की अपील की गई है।

# मुर्गा ढाबा मे बेची जा रही थी अवैध शराब, निवास पुलिस ने दी दबिश

**सिंगरौली।** निवास चौकी क्षेत्र के बंजारी में एक मुर्गा ढाबा में अवैध शराब परोसी जा रही थी। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई तो मौके पर दबिश देते हुए कुल 3165 रूपये की अवैध शराब जप्त की गई है।



पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व और थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह भदौरिया के कुशल मार्गदर्शन में निवास चौकी प्रभारी प्रियंका सिंह के द्वारा चलाए गए नशे के विरुद्ध अभियान के तहत बीते 5 फरवरी को बंजारी में शिव कुमार साहू के मुर्गा ढाबा में रेड कार्यवाही की गई। जहां पुलिस ने मुर्गा ढाबा से अवैध अंग्रेजी शराब वह हाथ भट्टी की बनी महुआ शराब बिक्री करने के लिए रखा हुआ था। पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब 13 नग पावर बियर केन, तीन नग पावर बियर के अलावा हाथ भट्टी की बनी महुआ शराब जिसकी कुल कीमत लगभग 3165 रुपए की जप्त करते हुए आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी प्रियंका सिंह, सउनि त्रिवेणी पाल, दीप नारायण, प्रधान आरक्षक ज्ञानेंद्र सिंह, आरक्षक प्रभात कुमार दुबे, रविराज सिंह, अमित कुमार का सराहनीय योगदान रहा है।

# साइबर अपराधों को लेकर मोरवा में नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन

**सिंगरौली।** वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान सेल्फ क्लिक अंतर्गत मोरवा पुलिस ने श्री साई सैल मंगलम महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के सहयोग से मोरवा बस स्टैंड समीप नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। सिंगरौली पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देश व एसडीओपी मोरवा कृष्ण कुमार पाण्डेय एवं निरीक्षक उमेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन व कॉलेज के निदेशक गोपाल जी श्रीवास्तव के सौजन्य से छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ सभा कर



डिजिटल अरेस्ट, साइबर फ्रॉड के विषय में लोगों को जागरूक किया।उक्त नुक्कड़ नाटक के द्वारा छात्रों ने उपस्थित लोगों को वर्तमान समय में होने वाले साइबर अपराधों से अवगत कराया गया। जिसमें मुख्यत: डिजिटल अरेस्ट, कॉल स्पूफिंग मिलिशियस ऐप, ओटीपी फ्रॉड, साइबर बुलिंग, साइबर स्टॉकिंग, यूपीआई, आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस, रेनसमवेयर अटैक, फाइनेंशियल फ्रॉड, सोशल मीडिया फ्रॉड आदि साइबर फ्रॉड के संबंध में अवगत कराया गया और उपस्थित सभी को स्मार्ट फोन का उपयोग करते समय कौन-कौन सी सावधानियां बरतें इस विषय पर भी प्रकाश डाला और साथ ही उनको साइबर अपराधों से बचने के उपायों से भी अवगत कराया गया।

# शिवसेना ने पुलिस की तानाशाही पर आईजी के नाम सौंपा पत्र



**सीधी।** शिवसेना इकाई ने पुलिस महानिदेशक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस अधीक्षक के नाम पत्र लिखकर जमोड़ी व चुरहट की घटना पर विरोध दर्ज करते हुए एडिशनल एसपी को ज्ञापन पत्र सौंपा।

इस बीच शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पांडे ने कहा लगातार सीधी जिले के जमोड़ी थाना व चुरहट थाना में अमानवीय कृत्य आम जन मानस के साथ होता रहता है जहां हाल ही में शिवसेना के नेतृत्व में जलसत्याग्रह आंदोलन किस गया जिस पर आंदोलन कारियो को गिरफ्तार किया गया कार्यवाही तो की गई लेकिन उसके बावजूद अमानवीय कृत्य करते हुए जब वहीं पीड़ित महिला थाने पहुंची पहुंचते ही कुछ पुलिस कर्मी व महिला कॉंस्टेबल सहित थाना प्रभारी जमोड़ी सहित ने रेलवे भूमिहीन पीड़ित आदिवासी महिलाओं के साथ मार पीट धक्का मुक्की जैसी घटना की गई।

जो संभवत: जमोड़ी थाने के सीसीटीवी कैमरे में यह घटना कैद भी होगा यह घटना 27 जनवरी को दोपहर एक बजे से 3बजे के बीच की यह घटना है जिससे पीड़ित परिवार यह अमानवीय कृत्य से काफी दुखी है

साथ ही लगातार जिस प्रकार से हाल ही में चुरहट थाना प्रभारी पुष्पेंद्र मिश्रा जी द्वारा एक बुजुर्ग व्यक्ति से व उनके परिवार के साथ मार पीट गाली गलौज करते हुए अमानवीय कृत्य कर जेल भेजा यह काफी दुख का विषय है दिनों दिन जिले की कानून व्यवस्था बिगड़ती जा रही वही आम जन मानस में इन घटिया कृत्यों से आक्रोश पनप रहा शांति भंग होने की संभावना लगातार बनती ही जा रही जिस पर चिंतन कर महोदय जी को पुलिस स्टाफ के साथ बैठक कर समझाइश देते हुए जन मानस के साथ असमंजस बनाने का प्रयास करे जिससे कानून न्याय के प्रति जनता का भरोसा बना रहे । वहीं पीड़ित परिवारों के साथ अमानवीय कृत्य करने वाले पुलिस कर्मियों व थाना प्रभारियों के ऊपर उचित जांच कार्यवाही करने की कृपा करे। इस बीच प्रमुख रूप से शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पांडे, संभाग संयोजक संतकुमार केवट, जिलाध्यक्ष बेनाम सिंह बघेल उर्फ भोले, जिला महामंत्री आशीष मिश्रा, जिला मंत्री सुनील रावत,राजीव दुबेदी, गोपाल डांडिया, पीड़ित आनंद साहू रज्जू यादव, चंद्रिका रावत , लालटू रावत, छठीलाल विश्वकर्मा,बसंत साहू, सहित दर्जनों की संख्या में पीड़ित महिला मौजूद रही।

## मुस्कान अभियान के तहत गुम बालक-बालिकाओं को किया दस्तयाब

**सीधी।** ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत पथरौला पुलिस नें नाबालिक अपहृत को विलासपुर छत्तीसगढ़ से ढूंढकर वैधानिक कार्यवाही उपरांत परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार अपनों के चेहरे पर मुस्कान लाने के उद्देश्य से गुम बालक बालिकाओं को दस्त्याब करने के उद्देश्य से ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है। ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी कुसमी रोशनी सिंह के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी मझौली उनि दीपक के नेतृत्व मे चौकी प्रभारी पथरौला उप निरीक्षक प्रीति वर्मा व टीम नें नाबालिक बालक को ढूंढकर परिजनों को सुपुर्द किया। जानकारी के अनुसार चौकी पथरौला मे विगत दिन एक परिजन नें रिपोर्ट किया कि उनका नाबालिक पुत्र घर से बिना बताये कहीं चला गया है। उनके द्वारा आस पड़ोस नाते रिश्तेदारी सभी जगह पता किया गया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला।

# बड़े शहरों की तर्ज पर कुबरी में खुला प्रेमशीला

### शहर से हटकर ग्रामीण क्षेत्र में हर सुविधाएं मुहैया करानें के लिए है व्यवस्था




**सीधी।** शहर के समीपस्थ कुबरी में एक विशाल रेस्टोरेंट एवं मैरिज गार्डन बनकर तैयार हो गया है। जिसका शुभारंभ भी हो चुका है। प्रेमशीला मैरिज गार्डन सहित आद्या रेसीडेंसी कुबरी में अब संचालित है। जहां कि लोगों को हर तरह की सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। शादी-व्याह सहित अन्य कार्यक्रमों में यह मैरिज गार्डन एवं रेस्टोरेंट सुविधा दिलाने के लिए बेहतर ढंग से काम करना शुरू कर दिया है।

मालूम हो कि शहर में शादी-व्याह के सीजन में भीड़ ज्यादा रहती है ऐसे में सीधी शहर से महज 15 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 के पास स्थित प्रेमशीला मैरिज गार्डन एवं रेस्टोरेंट में पर्याप्त जगह होने सहित कई सुविधाएं यहां मौजूद हैं। जिससे लोगों को हर सुविधाओं का लाभ भी मिलेगा। जानकारी के अनुसार यहां 25 रूम हैं। मैरिज गार्डन के तहत 20 रूम अलग से हैं। इसके अलावा बड़ा हाल भी बना हुआ है। इसके साथ सारी व्यवस्थाएं रेस्टोरेंट में उपलब्ध हैं। जहां कि उत्तराखंड, देहरादून एवं दिल्ली से मिस्त्री तैनात हैं। जो कि इंडियम चाइनीज, तंदूर, साउथ इंडियन सहित अन्य पकवान बनाकर देने का काम करेंगे।

रेस्टोरेंट एवं मैरिज गार्डन के मैनेजर पवन द्विवेदी ने कहा कि यहां हर सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। जहां कि दूसरे राज्य के मिस्त्री विधिवत पकवान बनाएंगे। जिसमें लोगों को रेस्टोरेंट में अलग स्वाद चखने को मिलेगा। साथ ही आने वाले भविष्य में स्वीमिंग पुल एवं जिला काट्रेज की व्यवस्था भी कराई जाएगी।

रेस्टोरेंट एवं मैरिज गार्डन के संचालक वरिष्ट संविदाकार एवं समाजसेवी जीवेन्द्र सिंह लल्लू ने कहा कि व्यवस्था के हिसाब से हर सुविधाएं मौजूद रहेंगी। काफी बड़े स्थान में यह मैरिज गार्डन एवं रिसॉर्ट शुरू किया गया है। साथ ही रेस्टोरेंट का भी शुभारंभ हुआ है। जिला स्तर पर हर सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यहां आने वाले हर लोगों को भरपूर सुविधाएं मिलेंगी एवं स्वादिष्ट भोजन की भी व्यवस्था की जाएगी।

# जागरूकता के माध्यम से ही साइबर अपराधों से बचाव संभव : एएसआई

### शासकीय महाविद्यालय मझौली में छात्रों को साइबर तथा महिला अपराधों की दी गई जानकारी



**सीधी।** शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली में पुलिस का सायबर अपराध जनजागरूकता अभियान संपन्न हुआ। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को सायबर तथा महिला अपराधों के विषय में जागरूक किया गया। एएसआई अमोल सिंह द्वारा जागरूकता अभियान में डिजिटल अरेस्ट, आधार सत्यापन, ईमेल पर लिंक का वेरिफिकेशन, फेसबुक हैक होना एवं वीडियो कॉल से फ्रॉड आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। महेंद्र सिंह पाटले द्वारा मोबाइल इंटरनेट के माध्यम से होने वाले अपराध, महिलाओं एवं बच्चों के साथ घटित होने वाले अपराध, मोबाइल फोन पर अनजाने व्यक्ति के कॉल आने पर बरतने वाली सावधानियां, लैंगिक अपराध एवं साइबर ठगी आदि की जानकारी दी गई।

## किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिले इसके लिए फार्मर रजिस्ट्री आवश्यक

सीधी

किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिले इसके लिए फार्मर रजिस्ट्री बनाने का कार्य जारी है। इसके बन जाने से किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ आसानी से मिल सकेगा। फार्मर रजिस्ट्री के बनने से किसानों को खरीदी केन्द्रों में पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना सहित सत्यापन में आसानी होगी। किसान भाई वेबसाइट एग्रीस्टैक डॉट जीओभी डॉट इन का प्रयोग कर फार्मर रजिस्ट्री बना सकते हैं। इसके अलावा गिरदावरी के लिए चिन्हित किए गए स्थानीय युवा, पटवारी एवं सीएससी केन्द्रों में भी फार्मर रजिस्ट्री बनवाई जा सकती है। फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए राजस्व विभाग द्वारा स्थानीय स्तर पर विशेष पहल की जारी है। सभी किसान पटवारियों से भी संपर्क कर फार्मर आईडी तथा आधार आरओआर का कार्य करवा सकते हैं। जिन किसानों की फार्मर आईडी नहीं बन पाएगी वे आगामी पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त से वंचित हो सकते हैं। फार्मर आईडी के बिना उपार्जन के लिए पंजीयन, फसल बीमा एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा।

## आर.बी. सिंह चौहान का मध्यप्रदेश सिविल सेवा वालीबाल टीम में चयन



**सीधी।** मध्य प्रदेश सिविल सेवा वालीबाल टीम के चयन हेतु ट्रायल 30 जनवरी 2025 को टी.टी. नगर स्टेडियम भोपाल में हुआ था जिसमे जिले से शा.उ.मा.वि. उपनी में कार्यरत खेल शिक्षक आर.बी. सिंह चौहान ने चयन प्रक्रिया में भाग लिया था। संचालनालय खेल और युवा कल्याण मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी चयन सूची में आर.बी. सिंह चौहान का लगातार चौथी बार मध्य प्रदेश सिविल सेवा वालीबाल टीम में चयन हुआ है जो कि 14 से 18 फरवरी तक चेन्नई में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सेवा वालीबाल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। मध्य प्रदेश सिविल सेवा वालीबाल टीम में चयनित होने पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रेमलाल मिश्रा, जिला क्रीड़ा अधिकारी हरिशंकर पांडेय, शा.उ.मा.वि. उपनी के प्राचार्य एस.डी. द्विवेदी, जिला वॉलीबॉल संघ सीधी के अध्यक्ष नीरज शर्मा, क्रीड़ा भारती जिला सीधी के अध्यक्ष डॉ. अनूप मिश्रा, टाटा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन के संचालक इंजी. आर.बी. सिंह, हायर सेकेंडरी स्कूल उपनी से कृष्ण गिरि, शिवराज प्रजापति, शोभनाथ साकेत, शिवचरण पटेल, कृष्णा मिश्रा, मीनाक्षी मिश्रा, संध्या सिंह, वैष्णवी तिवारी,अजय मिश्रा, डा.राजेश पांडेय, सुनील मिश्रा, सुनील कुमार द्विवेदी, कृपा सागर पांडेय, व्यायाम शिक्षक राममणि त्रिपाठी, बालगोविंद पटेल, शीवेंद्र सिंह, पंकज शुक्ला, दिलीप वर्मा, मिश्रीशरण पटेल, मो अशरफ़, देवेंद्र सिंह, नूरुस्लाम, किरण सिंह, कीर्ति सिंह, माखन मिश्रा, मंडलीक मिश्रा, सूरज शुक्ला, प्रकाश प्रजापति, राज्य अध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष सुखेन्द्र सिंह चौहान, सहित वॉलीबॉल के वरिष्ठ खिलाड़ी एवं खेल जगत से जुड़े लोगों ने बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएं व्यक्त की है।

## बरिगंवा में पुलिस बल के चांदमारी अभ्यास के लिए अस्थाई फायरिंग रेंज घोषित

**सीधी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के चांदमारी का अभ्यास के लिए वर्तमान आवश्यकता के दृष्टिगत आयुध नियम 2016 के नियम 38 के अधीन ग्राम बरिगंवा तहसील गोपद बनास की खसरा क्रमांक 289 रकवा 2.21 हे., 294 रकवा 2.11 हे., 293 रकवा 0.8600 हे., 295 रकवा 0.2200 हे., 296 रकवा 1.9500 हे., 297 रकवा 1.1600 हे., 298 रकवा 0.500 हे., 300 रकवा 2.3600 हे. कुल किता 08 योग रकवा 11.3700 हे. भूमि को 30 दिवस के लिए पुलिस बल के चांदमारी अभ्यास के लिए अस्थाई फायरिंग रेंज घोषित किया गया है।

उक्त स्थल पर फायरिंग रेंज बनाने के लिये रेंज सुरक्षा नियमों का पालन करना जरूरी होगा, जिसके अंतर्गत फायरिंग लाइन पर सुरक्षा, राउण्ड की सीमा और सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल शामिल है। पुलिस फायरिंग रेंज में पुलिस चांदमारी अभ्यास के पूर्व अनुमति तथा अस्थाई फायरिंग रेंज परिसर को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित करने के लिए पृथक से प्रस्ताव प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

# आधार नामांकन हेतु वैध दस्तावेजों को पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य

**सीधी।** तहसीलदार तहसील गोपद बनास द्वारा सभी आवेदनकर्ता एवं आधार केंद्रों को जरिये सूचना सूचित किया गया है कि 5 वर्ष के ऊपर एवं 18 वर्ष के ऊपर उम्र के आवेदकों के आधार नामांकन के लिये पहचान प्रमाण पत्र, निवास का प्रमाण, नामांकन जिसके नाम किया जावे के संबंध रखने वाले का प्रमाणित दस्तावेज एवं जन्म तिथि को प्रमाणित करने के लिए आवश्यक वैध दस्तावेज लिया जाकर अपलोड आवश्यक रूप से किया जावे। उन्होंने बताया कि तहसील गोपद बनास अंतर्गत आधार केंद्रों के माध्यम से 5 वर्ष के ऊपर उम्र के बच्चों एवं 18 वर्ष के ऊपर उम्र के आवेदकों के आधार नामांकन हेतु आवेदन आधार पोर्टल पर किये जा रहे है। प्राय: देखने में आया है कि आधार नामांकन के लिए विधिक एवं आवश्यक दस्तावेज नहीं लिये जा रहे है। उक्त आधार नामांकन फार्म सत्यापन के लिए तहसीलदार गोपद बनास की आई.डी. में प्राप्त होते हैं। आवश्यक दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड नहीं होने से सत्यापन में विलंबता होती है। उन्होंने तहसील गोपद बनास क्षेत्रान्तर्गत समस्त पटवारी को निर्देशित किया है कि आधार सत्यापन के दौरान समस्त वैध दस्तावेज प्राप्त कर परीक्षण करेगे तथा परीक्षण करते हुए नामांकन के लिए प्राप्त आवेदनो पर सत्यापन की रिपोर्ट कार्यालय तहसीलदार तहसील गोपद बनास जिला सीधी में समय-सीमा के भीतर वैध एवं आवश्यक दस्तावेजो के साथ अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे। दर्ज आधार नामांकन फार्मों के आवश्यक विधिक दस्तावेज न होने पर दर्ज आवेदन को अस्वीकृत कर दिये जावेगें।

## शहीद सुधाकर सिंह बघेल स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न

**सीधी।** शहीद सुधाकर सिंह बघेल एवं स्व. इंद्रजीत कुमार की स्मृति में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का 14 वां सोपान संपन्न हुआ। इस रोमांचक टूर्नामेंट में 25 टीमों ने भाग लिया और यह पूरे एक माह तक प्रतियोगिता चली। मिनी स्टेडियम में क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल रोमांचक मैच में हिनौती की टीम विजेता एवं देवसर उपविजेता रहा। विजेता टीम को 51 हजार रुपए नगद, ट्राफी तथा उपविजेता को 31 हजार रुपए नगद व ट्रॉफी से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व मंत्री कमिश्नर पटेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खिलाड़ियों को परिष्कार करने में यह टूर्नामेंट बहुत उपयोगी सिद्ध हुआ है।

## वन कर्मियों की समस्याओं से डीएफओ को किया अवगत, मिला आश्वसन : पंकज



**सीधी।** जिले के वन क्षेत्र एवम यहॉ निवासरत पशु पक्षी जीव जंन्तुओ की सुरक्षा के लिये 24 घंटे लगातार तत्तपर रहने वाले वन कर्मी वर्तमान में विभिन्न प्रकार की विसंगति व समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिसको लेकर कई बार अनुनय विनय एवम पत्राचार किया गया किन्तु समस्यायें यथावत बनी हैं। जिसको देखते हुए वन कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष पंकज पाण्डेय एवं संघ के अन्य पदाधिकारियों द्वारा वन मण्डल सीधी में नवागत वन मण्डलाधिकारी से मिलकर उनका स्वागत किया गया एवं वन कर्मचारियों से जुड़ी मौजूदा समस्याओ के निराकरण हेतु निवेदन किया गया। नवागत डीएफओ द्वारा वन कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष एवं उनकी टीम को समस्याओ का शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया गया। उक्त जानकारी पंकज मिश्रा वन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष द्वारा दी गयी।

# मांगो का निराकरण नहीं होने से तृतीय चरण का आंदोलन दिनांक 7 फरवरी 2025 को आयोजित

**सीधी।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला इकाई सीधी के सचिव अजय सिंह मंटू के द्वारा बताया गया कि प्रांतीय निकाय द्वारा 51 सूत्री मग पत्रों पर द्वितीय चरण के आंदोलन के बावजूद निराकरण नहीं करने पर तृतीय चरण का आंदोलन दिनांक 7 फरवरी 2025 को लंच अवधि में आयोजित किया जाएगा मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के सहयोगी संगठन 20 मान्यता प्राप्त , तथा 33 गैर मान्यता प्राप्त शामिल होकर एक साथ लड़ाई लड़ रहे हैं संगठन के संरक्षक निलेश शर्मा एसडीएम गोपद बनास श्रीमती जानवी शुक्ला तहसीलदार गोपद बनास आरएस गौतम लेखा अधिकारी जिला पंचायत राकेश जयसवाल संभागीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ उपेंद्र सिंह प्रांत अध्यक्ष पटवारी संघ डॉ अरुण बहेलिया पशु चिकित्सक संघ के निर्देशन में 51 सूत्रीय मांगों के समर्थन में दिनांक 7 फरवरी 2025 को लंच अवधि में धरना प्रदर्शन एवं कलेक्टर महोदय सिद्धि के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री एवं श्रीमान मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन भोपाल को ज्ञापन दिया जाएगा ज्ञापन देने में नंदकुमार मिश्रा उमेश कुमार मिश्रा मोहन चंद्र गौतम कृपा शंकर मिश्रा सुखेंद्र सिंह श्रीमती ममता रानी राय मंगला प्रसाद द्विवेदी महेंद्र शुक्ला तिवारी राजेश पटेल अजय प्रताप सिंह सुनील सिंह अरुण सिंह अरुण द्विवेदी प्रशांत जायसवाल चंदेश्वरी तिवारी श्रीमती रानी द्विवेदी शिवानंद शुक्ला श्रवण कुमार मिश्रा सुनील शुक्ला शंभू नाथ त्रिपाठी श्रीमती शांति बंसल त्रिवेणी कॉल श्रीमती सुरभि त्रिवेदी श्रीमती अनीता खरे श्रीमती उर्मिला सिंह श्रीमती पार्वती सिंह श्रीमती अरुण शुक्ला श्रीमती दीप्ति पटेल श्रीमती सुरेखा वर्मा श्रीमती सावित्री देवी श्रीमती आशा गुप्ता श्रीमती भक्ति सिंह श्रीमती शैलेश गौतम श्रीमती अली अम्मा दी श्रीमती समा सिंह रामकुमार पनिका बलिराम प्रजापति बुद्धिमान कॉल रामबली पानी का नरेश कुमार वर्मा महेश मिश्रा श्रवण रावत प्रदुम न कॉल संतोष साकेत देवेंद्र शर्मा श्रवण तिवारी कवि सिंह सत्येंद्र मिश्रा अखिलेश्वर पांडे लाल बहादुर सिंह आशुतोष शुक्ला भूपेंद्र सिंह राजेंद्र सिंह बाबूलाल पाल अभय शंकर मिश्रा धीरेंद्र सिंह रमेश गौतम बृजेश पांडे सूरज विश्वकर्मा शिवेंद्र सिंह राजपति कॉल जेके सिंह हर्षण सिंह वीरेंद्र तिवारी चंद्रशेखर शुक्ला पंकज मिश्रा महेंद्र प्रताप सिंह सुधीर कॉल अखिलेश गौतम राजेश पटेल विष्णु धर,द्विवेदी, श्री कुमार शर्मा महिपति प्रजापति पवन सिंह भूपेंद्र पांडे ए नारायण कॉल राजा कॉल आदि शामिल रहेंगे संयुक्त मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह के द्वारा सभी 53 संगठन सहयोगी संगठन से अधिक से अधिक तादात में कर्मचारी को एकत्रित कर धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में सहयोग करने की अपील की है।

## छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के लंबित आवेदन 15 फरवरी तक दर्ज कराएं : कलेक्टर

सीधी

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लंबित छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के आवेदन 15 फरवरी तक दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी शासकीय और अशासकीय महा विद्यालयों के प्राचार्य और नोडल अधिकारियों को इस संबंध में निर्देशित किया है। कलेक्टर ने कहा है कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के छात्रों के वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 के छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के ऑनलाइन आवेदन के लिए एमपी टॉस पोर्टल 31 जनवरी 2025 तक खोला गया था, जिसे आगामी 15 फरवरी तक के लिए पुनरू खोलकर अंतिम अवसर दिया गया है। जिन विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के लिए लंबित हैं उनके आवेदन निर्धारित अवधि तक पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। इसके साथ ही वर्ष 2024-25 के नवीनीकरण व नवीन छात्रों के आवेदन कराकर नोडल अधिकारी के माध्यम से सत्यापित कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा है कि यदि कोई विद्यार्थी छात्रवृत्ति तथा आवास सहायता के लाभ से वंचित रहता अथवा इस संबंध में सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराता है तो इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी संबंधित संस्था प्रमुख एवं नोडल प्रभारी की होगी और उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# नियम विरुद्ध चल रहे मेले का तहसीलदार ने किया निरीक्षण



**सीधी।** शहर स्थित कलेक्ट्रेट कैंपस के बगल में संचालित विदेशी हवाई झूले मनोरंजन मेला में तहसीलदार गोपद बनास जाह्नवी शुक्ला द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें भारी अनियमितता देखी गई। मेला संचालक ने झूले की अनुमति नही ली हुई थी फिर भी बड़े झूले चला रहा था। 150 फिट की ऊंचाई का प्रतिबंधित चकरी झूला चलता हुआ पाया गया। साथ ही अन्य बड़े झूले चल रहे थे। ज्ञात हो कि आए दिन प्रदेश भर में मेलो से हो रही झूलो से अप्रिय घटनाओं के कारण इन सभी बड़े झूलो को प्रतिबंधित कर दिया गया है। विशेष परिस्थितियों में बड़े झूलो की फिटनेस जांच कर विभागीय इंजीनियर अथवा एसडीओ द्वारा मंजूरी दी जाती है तभी झूले चलाए जा सकते है। बावजूद इसके मेला प्रबंधक प्रशासनिक आदेशों का पालन न करते हुए अपनी मनमानी करते हुए पकड़ा गया है। इसके अलावा आगजनी सुरक्षा की दृष्टि से कही भी फायर सिलेंडर की व्यवस्था नहीं थी। साथ ही मेले में प्रवेश शुल्क के नाम पर दस रुपए का टिकट रखा गया है जो नियम विरुद्ध बताया गया है।बताते चले कि अभी इसी मेला प्रबंधक द्वारा सम्राट चौराहा स्थित ग्राउंड में पिछले चार माह से मेला लगा रखा था। जहां प्रवेश नि:शुल्क था लेकिन कलेक्ट्रेट ग्राउंड में मेला लगाते ही दस रुपए का टिकट लगा कर शहरवासियों को हैरान कर दिया है।

## संपादकीय

### बेहतर की आशा

एजुकेशन टेस्टिंग सर्विसेज (ईटीएस) की ताजा ह्यूमन प्रोग्रेस रिपोर्ट में जो बात सबसे पहले ध्यान खींचती है, वह है उससे निकले निष्कर्षों का विरोधाभास। रिपोर्ट के मुताबिक जहां भारतीय अपनी शिक्षा व्यवस्था से सबसे ज्यादा उम्मीदें पाले हुए हैं, वहीं इस व्यवस्था की खामियों की ओर उंगली उठाने में भी वे पीछे नहीं दिखते। ये दोनों बातें इस लिहाज से महत्वपूर्ण हैं कि अगर इन पर ध्यान देते हुए कायदे से प्रयास किए गए तो बेहतर भविष्य की राह निकालना बहुत मुश्किल नहीं होगा। सर्वे के मुताबिक जहां अन्य देशों में मौजूदा शिक्षा व्यवस्था से लोग निराश हैं, वहीं भारत में एकदम उलटी स्थिति है। अन्य देशों में औसतन 30 प्रतिशत लोगों ने ही मौजूदा शिक्षा व्यवस्था से उम्मीद जताई, लेकिन भारत में ऐसे लोग 70प्रतिशत हैं। भविष्य में स्थिति सुधरने की गुंजाइश का जहां तक सवाल है तो वैश्विक औसत 64प्रतिशत है, लेकिन भारतीय यहां भी आगे (76प्रतिशत) हैं। ऐसे में स्वाभाविक ही सवाल उठता है कि क्या ये उम्मीदें हवा-हवाई हैं। क्या सर्वे में शिरकत करने वाले लोगों को भारत में शिक्षा की स्थिति की बिल्कुल जानकारी नहीं है? यहां सर्वे की रिपोर्ट फिर हैरान करती है, क्योंकि पार्टिसिपेंट्स जमीनी हकीकत से अच्छी तरह वाकिफ हैं। तभी तो 84प्रतिशत लोग मानते हैं कि यहां क्वॉलिटी एजुकेशन तक पहुंच बहुत मुश्किल है। यही नहीं, 78प्रतिशत लोग स्वीकारते हैं कि शिक्षा के अवसर कुछ विशेषाधिकार प्राप्त तबकों तक सीमित होते जा रहे हैं और 74प्रतिशत कहते हैं कि शिक्षकों की कमी भारत में शैक्षिक प्रगति की राह में बहुत बड़ी बाधा है। सर्वे देश में शिक्षा के बदलते लैंडस्केप को समझने में मदद करता है। बावजूद इसके, इन सर्वे की सीमाओं को भी ध्यान में रखते हुए चलना होगा। निश्चित रूप से जब सर्वे रिपोर्ट बताती है कि अन्य देशों के मुकाबले भारतीयों की नजर में हाई क्वॉलिटी एजुकेशनल प्रोग्राम और इंस्टिट्यूशंस की कमी ज्यादा बड़ी बाधा है तो यह आज के दौर की सचाई ही सामने लाती है। लेकिन एक राष्ट्र के तौर पर हमारे सामने कुछ हाई क्वॉलिटी इंस्टिट्यूशंस खड़ा करने से बड़ी चुनौती है देश भर में फैले सामान्य शैक्षिक ढांचे के जरिए मिल रही शिक्षा का स्तर ऊंचा करना। इसमें दो राय नहीं कि हाल के वर्षों में अलग-अलग राज्यों में शिक्षा के क्षेत्र में क्वॉलिटी लाने के प्रयास कई स्तरों पर चलाए जा रहे हैं।

**विनिर्माण के क्षेत्र को गति देना भी आज की आवश्यकता है। राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन भी चलाए जाने का प्रस्ताव है। आज देश में एक करोड़ से अधिक सूक्ष्म, मध्यम एवं लघु उद्योग हैं जो 7.5 करोड़ नागरिकों को रोजगार उपलब्ध कर रहे हैं एवं भारत के कुल उत्पादन में 36 प्रतिशत का योगदान दे रहे हैं तथा देश से होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात में भी 45 प्रतिशत की भागीदारी इन उद्योगों की रहती है। कुल मिलाकर भारत आज अपनी इन कम्पनियों को वैश्विक स्तर पर ले जाना चाहता है। भारत में आज निर्यात प्रोत्साहन मिशन को चालू किया जा रहा है ताकि भारत की कम्पनियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले। इसी प्रकार भारत को वैश्विक स्तर पर खिलौना उत्पादन के केंद्र के रूप में विकसित किये जाने के प्रयास भी किये जा रहे हैं।**

# भारत में आर्थिक विकास दर को 8 प्रतिशत से ऊपर ले जाने के हो रहे हैं प्रयास

(प्रह्लाद सबनानी)

अभी हाल ही में केंद्र सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन ने लोक सभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट पेश किया है। इस बजट के माध्यम से ऐसे कई निर्णय लिए गए हैं जिससे देश की आर्थिक विकास दर पुनः एक बार 8 प्रतिशत से ऊपर निकल जाए।

विश्व के कुछ देशों में सत्ता परिवर्तन के बाद आर्थिक क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन होते हुए दिखाई दे रहे हैं। विशेष रूप से अमेरिका में राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प विभिन्न देशों को लगातार धमकी दे रहे हैं कि वे इन देशों से अमेरिका में होने वाले आयात पर कर की दर में वृद्धि कर देंगे। दिनांक 4 फरवरी 2025 से कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में होने वाले उत्पादों के आयात पर 20 प्रतिशत एवं चीन से होने वाले आयात पर 10 प्रतिशत का आयात कर लगा दिया है। वैश्विक स्तर पर उक्त प्रकार की उथल पुथल के अतिरिक्त रूस यूक्रेन युद्ध जारी ही है एवं कुछ समय पूर्व तक हमास इजराईल युद्ध भी चलता ही रहा था। वैश्विक स्तर पर उक्त विपरीत परिस्थितियों के बीच भी भारत, अपनी आर्थिक विकास दर को कायम रखते हुए, विश्व की सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। हां, वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम दो तिमाहियों में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर गिरकर 5.2 प्रतिशत एवं 5.3 प्रतिशत क्रमशः के आसपास रही है। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। यदि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो आगे आने वाले दो दशकों तक आर्थिक विकास दर को 8 प्रतिशत से ऊपर रखना आवश्यक होगा। अतः केंद्र सरकार द्वारा भारत की आर्थिक विकास दर को इस वित्तीय वर्ष की दो तिमाहियों में दर्ज की गई लगभग 5.3 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर को 8 प्रतिशत से ऊपर ले जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

अभी हाल ही में केंद्र सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन ने लोक सभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट पेश किया है। इस बजट के माध्यम से ऐसे कई निर्णय लिए गए हैं जिससे देश की आर्थिक विकास दर पुनः एक बार 8 प्रतिशत से ऊपर निकल जाए। दरअसल, आज देश में उत्पादों की मांग को बढ़ाना अति आवश्यक है जो पिछले कुछ समय से लगातार कम होती दिखाई दे रही है। इसके लिए आम नागरिकों के हाथों में अधिक धनराशि उपलब्ध रहे, ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं। जैसे, आयकर की सीमा को वर्तमान में लागू सीमा 7 लाख रुपए प्रतिवर्ष से बढ़ाकर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 12 लाख रुपए प्रतिवर्ष कर दिया गया



है। साथ ही, आय पर लगने वाले कर की दर को भी बहुत कम कर दिया गया है। इस प्रकार लगभग 1 करोड़ मध्यमवर्गीय करदाताओं को लगभग 1.10 लाख रुपए तक प्रतिवर्ष का अधिकतम लाभ होने जा रहा है। इस राशि से विभिन्न उत्पादों का उपभोग बढ़ेगा एवं देश की आर्थिक विकास दर में तेजी दिखाई देगी। हालांकि इससे केंद्र सरकार के बजट पर एक लाख करोड़ रुपए का भार पड़ेगा। परंतु, फिर भी बजटीय घाटा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 5.8 प्रतिशत से घटकर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 5.4 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। अतः देश की वित्तीय स्थिति को सही दिशा दिए जाने के सफल प्रयास हो रहे हैं।

विनिर्माण के क्षेत्र को गति देना भी आज की आवश्यकता है। राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन भी चलाए जाने का प्रस्ताव है। आज देश में एक करोड़ से अधिक सूक्ष्म, मध्यम एवं लघु उद्योग हैं जो 7.5 करोड़ नागरिकों को रोजगार उपलब्ध कर रहे हैं एवं भारत के कुल उत्पादन में 36 प्रतिशत का योगदान दे रहे हैं तथा देश से होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात में भी 45 प्रतिशत की भागीदारी इन उद्योगों की रहती हैं। कुल मिलाकर भारत आज अपनी इन कम्पनियों को वैश्विक स्तर पर ले जाना चाहता है। भारत में आज निर्यात प्रोत्साहन मिशन को चालू किया जा रहा है ताकि भारत की कम्पनियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले। इसी प्रकार भारत को वैश्विक स्तर पर खिलौना उत्पादन के केंद्र के रूप में विकसित किये जाने के प्रयास भी किये जा रहे हैं। केवल एक दशक पूर्व भारत में खिलौनों का शुद्ध आयात होता था आज भारत खिलौनों का शुद्ध निर्यातक देश बन गया है। पिछले 10 वर्षों में भारत में खिलौनों के निर्यात में 200 प्रतिशत की वृद्धि एवं खिलौनों के आयात में 52 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है। भारत ने 15 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि के खिलौनों का निर्यात किया है।

भारत के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन क्षेत्र का योगदान लगभग 5 प्रतिशत है। विशेष रूप से वाराणसी, श्री अयोध्या धाम, उज्जैन एवं महाकुम्भ, प्रयागराज में पर्यटकों के लिए विकसित की गई आधारभूत सुविधाओं के बाद इन सभी शहरों की पहचान धार्मिक पर्यटन के केंद्र के रूप में पूरे विश्व में कायम हुई है। आज आध्यात्म की ओर पूरा विश्व ही आकर्षित हो रहा है अतः भारत में अन्य धार्मिक केंद्रों को भी इसी तर्ज पर विकसित किया जाना चाहिए जिससे विभिन्न देशों के नागरिक भी इन धार्मिक स्थलों पर आ सकें एवं जिससे देश के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 2,541 करोड़ रुपए की राशि का आबंटन किया गया है जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 850 करोड़ रुपए की राशि आबंटित की गई थी। भारतीय पर्यटन उद्योग का आकार 25,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है, जो कि बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तर पूर्व के राज्यों से लेकर जम्मू एवं कश्मीर तक 50 नए पर्यटन केंद्र विकसित किए जा रहे हैं। यह ऐसे पुराने पर्यटन केंद्र हैं जिनकी पहचान कहीं खो गई है। अब इन पर्यटन केंद्रों पर आधारभूत सुविधाओं को विकसित किये जाने की योजना बनाई जा रही है। इन केंद्रो पर पहुंच को आसान बनाने के उद्देश्य से यातायात के साधनों का विकास किया जाएगा, सर्वसुविधा सम्पन्न होटलों का निर्माण किया जाएगा, एवं इन स्थलों पर अन्य प्रकार की समस्त सुविधाएं पर्यटकों को उपलब्ध कराई जाएंगी।

# चीन से हमें जरूर सबक सीखना चाहिए

**चीन ने यह सब उस वक्त किया, जब अमेरिका ने एडवांस्ड चिप और तकनीकी आपूर्ति को लेकर उस पर सख्त पाबंदियां लगा रखी हैं। आज चीन छठी पीढ़ी के फाइटर जेट, री-यूजेबल स्टारशिप, कृत्रिम सूर्य और एक ट्रिलियन डॉलर की तकनीकी अर्थव्यवस्था जैसी उपलब्धियों से समूची दुनिया को चौंका रहा है।और भारत कहां है? जहां चीन अगले 70 वर्षों की योजना बनाने और विश्व नेता बनने की लड़ाई में जुटा है, भारत आज भी 70 साल पुरानी बहसों में फंसा हुआ है। गलवान संघर्ष, सीमा पर चीनी बांध और चीन की बढ़ती ताकत पर हमारी चुप्पी चुभती है।**

(पुष्कर बर्मा)

चीन ने एक बार फिर दिखा दिया है कि वह सिर्फ अमेरिका को नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को चुनौती देने के लिए तैयार है। एक छोटी-सी चीनी कंपनी, जो केवल दो साल पुरानी है, उसने डीपसीक-आर1 नाम का एआई मॉडल बनाया है। यह मॉडल पूरी तरह से एक इनोवेशन है, जो अब ओपन-सोर्स है और दुनिया के लिए मुफ्त में उपलब्ध है। डीपसीक इसलिए और हैरान कर रहा है, क्योंकि इसको सिर्फ 5.1 अरब डॉलर के बजट में तैयार किया गया है, जो अमेरिकी एआई उत्पादों के मुकाबले 100 गुना कम है। चीन ने यह सब उस वक्त किया, जब अमेरिका ने एडवांस्ड चिप और तकनीकी आपूर्ति को लेकर उस पर सख्त पाबंदियां लगा रखी हैं। आज चीन छठी पीढ़ी के फाइटर जेट, री-यूजेबल स्टारशिप, कृत्रिम सूर्य और एक ट्रिलियन डॉलर की तकनीकी अर्थव्यवस्था जैसी उपलब्धियों से समूची दुनिया को चौंका रहा है।और भारत कहां है? जहां चीन अगले 70 वर्षों की योजना बनाने और विश्व नेता बनने की लड़ाई



में जुटा है, भारत आज भी 70 साल पुरानी बहसों में फंसा हुआ है। गलवान संघर्ष, सीमा पर चीनी बांध और चीन की बढ़ती ताकत पर हमारी चुप्पी चुभती है। इसके उलट, हम चीन से अब तक का सबसे बड़ा 115 अरब डॉलर का व्यापार कर रहे हैं। स्थिति यह है कि चीन अपने शोध व अनुसंधान के कामों पर हमसे 10 गुना ज्यादा खर्च कर रहा है। एक समय था, जब भारत ने परम 8000 सुपरकंप्यूटर और इसरो की उपलब्धियों से दुनिया को चौंकाया था, लेकिन अब हम मटन, मुर्गा, मुस्लिम जैसे मुद्दों में उलझे रहते हैं।सवाल यह भी है कि हमें इससे क्या सबक लेना चाहिए? चीन ने दिखा दिया है कि जब आपके पास विजन हो, तो आप किसी भी संसाधन की कमी के बावजूद बड़े से बड़ा काम कर सकते हैं। हमारी प्लानिंग और सही दिशा का अभाव साफ झलकता है। यूजीसी का बजट 61 फीसदी घटा दिया गया है, शोध एवं अनुसंधान पर खर्च नहीं के बराबर है और एक औसत चीनी नागरिक आज औसत भारतीय से पांच गुना ज्यादा अमीर है। इस सूरतेहाल में यदि भारत को विकसित राष्ट्र का सपना सच करना है, तो हुकूमतों को शिक्षा, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर व नवाचार जैसे बुनियादी मुद्दों पर ध्यान देना होगा। हमें पुराने विवादों को छोड़कर नए सपनों पर काम करना चाहिए। जहां चीन और अमेरिका इस बात की तैयारी कर रहे हैं कि अगले 70 वर्षों में दुनिया पर कौन राज करेगा? भारत को यह तय करना होगा कि इस दौड़ में वह शामिल होगा या केवल तमाशा देखता रहेगा।

## वर्ग पहेली 5635



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. इस प्रसिद्ध हास्य कवि की जन्म तारीख व निधन होने की तारीख एक ही है जन्म 18 सितंबर व निधन 18 सितंबर (6)
7. राजीव, पुरानी फिल्मों के गीतकार (3)
8. भगवान श्रीगणेश के नामों में से एक (4)
10. गीत, तराना (3)
11. ह्रदय, मन, अंतःकरण (2)
12. परस्पर निर्वाह करना, बुहारना (3)
16. शोधलेख, शोधपत्र, शोधरचना (3)
18. यह सुप्रसिद्ध कवि कालिदास की एक प्रसिद्ध दूत काव्य है (4)
21. शब्द, वाणी, बोली (3)
22. पुराणानुसार पांचवां लोक जहां मनुष्य रहते है, सर्वसाधारण (2)
23. यह कृष्ण-भक्ति शाखा की प्रमुख कवयित्री है (2)
25. दीवार में छेद करके या सेंध लगाके चोरी करने वाला (5)
26. श्रीराम के भाई भरत के ज्येष्ठ पुत्र का नाम जिन्होंने गांधार में तक्षशिला नगरी स्थापित की थी (2)

**संकेत: ऊपर से नीचे**


1. विवाह के पूर्व कुमारी अवस्था में उत्पन्न हुआ पुत्र (3)
2. असर पैदा करने वाला, प्रभाव करने वाला (4)
3. पाचन क्रिया, पाचन शक्ति (3)
4. सूर्य का सारथी होने के कारण अरूण का एक नाम (5)
5. टांका मारना, सिलाई करना, वक्षस्थल (2)
6. समस्त, कुल, सब (3)
9. अगर, जो (2)
13. महाराष्ट्र का यह शहर गोदावरी नदी के समीप स्थित है, पंचवटी वन इसके समीप है (3)
14. दक्षिण अमेरिका में बहने वाली विश्व की सबसे बड़ी नदी (4)
15. पिता के पिता को यह कहा जाता है (2)
17. हिफाजत से रखा हुआ, सुरक्षित(4)
19. गड़गड़ाहट, गर्जन, मेघनाद (3)
20. शिष्टता, विवेक, सभ्यीकरण (3)
24. जंघा, जांघ (2)

**वर्ग पहेली 5634 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | ले | शि | या | | शा | व | द |
| है | | का | ता | | द | श | |
| श | ह | र | या | र | | | वा |
| भू | त | | त | ह | की | का | त |
| प | क | ना | | म | ल | व | ज |
| ति | | म | | दि | | र | |
| | | व | की | ल | | | मू |
| पु | का | र | ना | | ने | पा | ल |

# भारत का दम

**अश्विनी वैष्णव ने साफ शब्दों में कहा है कि साल भर के भीतर ही भारत के पास डीपसीक से भी बेहतर एआई मॉडल होगा। इतना ही नहीं, चीनी मॉडल के विपरीत यह हर सवालों के जवाब देगा और वैश्विक स्तर पर उपलब्ध रहेगा।**




(दीपक)

जो लोग यह सवाल कर रहे हैं कि चीन ने डीपसीक के रूप में सस्ता एआई मॉडल पेश कर दिया है और भारत हाथ पर हाथ धरे बैठा है, उनके लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव का बयान किसी जवाब से कम नहीं है। अश्विनी वैष्णव ने साफ शब्दों में कहा है कि साल भर के भीतर ही भारत के पास डीपसीक से भी बेहतर एआई मॉडल होगा। इतना ही नहीं, चीनी मॉडल के विपरीत यह हर सवालों के जवाब देगा और वैश्विक स्तर पर उपलब्ध रहेगा। यह भारत की सुरक्षा, भाषा और संस्कृति को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जा रहा है। स्पष्ट है, भारत पूरे दम-खम के साथ मैदान में है और सभी से लोहा लेने को तैयार है। हमने कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। नवाचार में तो हम कई देशों से आगे हैं। ऐसे में, भारत का एआई मॉडल उपलब्ध सभी मॉडल पर बीस साबित होगा।

## आज का राशिफल

**मेष**

आज दिन मिलाजुला रहेगा। काम में सफलता मिलेगी और आपको कारोबार में लाभ होगा। आपके जीवन में कई चुनौतियां आएंगी और आप उनको आगे बढ़कर स?वीकार करेंगे। जिम्मेदारियों को निभाने के लिए आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**वृष**

आज दिन बहुत शुभ है। आपके सारे काम बिना किसी रुकावट के पूरे होंगे और आपको सफलता प्राप?त होगी। कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आपको पीछे छोड़ने के लिए गलत तरीके अपना सकते हैं। आप अपनी मेहनत से सफलता पाएंगे और आपको किसी कार्य में बड़ा लाभ होगा। कोई नया काम शुरू न करें।

**मिथुन**

आज दिन भाग्यशाली है। कोई रुका हुआ काम पूरा होगा, जिससे आपको खुशी मिलेगी। इस खुशी में आपका साथ आपके घर के लोग देंगे। संतान की तरफ से कोई अच्छी खबर मिल सकती है। व्यापार में भी आपको सफलता मिलेगी।

**कर्क**

आज भाग?य साथ दे रहा है और आपका दिन शुभ है। आपका मन अच्छे काम में लगेगा। पहले लिया गया कोई फैसला आपको फायदा दे सकता है। संतान के करियर से जुड़ी कोई चिंता दूर होगी। रुके हुए काम पूरे होने से मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह**

आज दिन सामान्य रहेगा। आपको हर मामले में भाग?य का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कोई आपके खिलाफ साजिश कर सकता है, इसलिए सावधान रहें। सांसारिक सुखों पर खर्च होगा, जिससे आपको खुशी मिलेगी। पुराना मनमुटाव खत्म होगा और रिश्ते बेहतर होंगे।

**कन्या**

आज करियर के लिहाज से दिन अच्छा है। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। कहीं से रुका हुआ पैसा मिल सकता है और आप अपनी नई योजनाओं को शुरू कर पाएंगे। पुण्य के काम में खर्च होगा, जिससे आपको खुशी मिलेगी।

**तुला**

आज दिन सफलता से भरा रहेगा और आपको अपनी मेहनत से सफलता मिलेगी। आय कम और खर्च ज्यादा होने से मन थोड़ा खराब हो सकता है। किसी काम के लिए आपको व्यर्थ में भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आपके छिपे हुए दुश्मन आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं।

**वृश्चिक**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको काफी मेहनत करनी पड़ सकती है। कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना चाहिए। कोई महत्वपूर्ण व्यापारिक समझौता आपके पक्ष में हो सकता है। अगर आप अपनी बात लोगों तक पहुंचाने में कामयाब रहें।

**धनु**

आज करियर में सफलता के योग हैं। आपके घर में धन-धान्य में वृद्धि होगी। व्यापार में आपको दोस्तों का सहयोग मिलेगा, जिससे आपको तरक्की मिलेगी। धन लाभ होगा और आपके दुश्मन आपको नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे। आपकी मनोकामना पूरी होगी और आपके सारे काम पूरे होंगे।

**मकर**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन शुभ होगा। कार्यक्षेत्र में आपको अच्छे लोगों का साथ मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। उच्चाधिकारियों की कृपा से आपके लिए कोई जमीन-जायदाद से जुड़ी समस्या सुलझ सकती है।

**कुंभ**

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप कुछ नए निवेश कर सकते हैं। इसमें आपको भाग्य का साथ मिलेगा। धन में मनचाही वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। फालतू खर्च से बचें। आगे के बारे में सोचें। आपके लिए कारोबार में तरक?की के योग बने हैं और आपको सफलता प्राप?त होने से मन प्रसन?न रहेगा।

**मीन**

आज मेहनत के बावजूद सफलता नहीं मिलने का दुख रहेगा। अहंकार से बचें। फालतू के झगड़े हो सकते हैं। सिर्फ अपने बारे में सोचने से आपकी इमेज खराब हो सकती है। पैसे के मामले में समय सामान्य है। समझदारी से निवेश करें। आपका दिन सफलता से भरा होगा और आपको कहीं से कोई शुभ समाचार मिलने से आर्थिक लाभ होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री 24 फरवरी से असम के दो दिवसीय दौरे पर आएंगे : हिमंत



गुवाहटी, एजेंसी। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी से असम के दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री 8,000 कलाकारों द्वारा रिकॉर्ड बनाने वाले झुमुर नृत्य प्रदर्शन को देखने के लिए शाम पांच बजे यहां पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि वह (प्रधानमंत्री मोदी) अगले दिन 'एडवांटेज असम शिखर सम्मेलन' के उद्घाटन सत्र में भी शामिल होंगे। शर्मा ने कहा कि वह हाल ही में प्रधानमंत्री की राज्य यात्रा को अंतिम रूप देने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में थे और साथ ही अन्य केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर उन्हें निवेश शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। दो दिवसीय 'एडवांटेज असम शिखर सम्मेलन' का दूसरा संस्करण 25 फरवरी से यहां आयोजित किया जाएगा ताकि साझेदारी व सहयोग को मजबूत किया जा सके और साथ ही व्यापार के विस्तार व नए निवेश को आगे बढ़ाने के लिए राज्य में उपलब्ध असंख्य संभावनाओं के बारे में मूल्यवान जानकारी प्राप्त की जा सके। असम में 24 फरवरी को 8,000 कलाकार झुमुर नृत्य की प्रस्तुति देकर रिकार्ड तोड़ने का प्रयास करने जा रहे हैं जबकि पिछले वर्ष 11,298 प्रतिभागियों ने 'एक ही स्थान पर सबसे बड़ा बिहू नृत्य' कर गिनीज विश्व रिकार्ड बनाया था।

### ठाणे : सेल्फी लेने में व्यस्त युवक ट्रेन की चपेट में आया, मौत

ठाणे, एजेंसी। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रेलवे की पटरियों पर सेल्फी लेने में मशगूल 24 वर्षीय युवक की एक ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक पंधारी कांडे ने बृहस्पतिवार को बताया कि यह घटना मंगलवार शाम को अंबरनाथ और बदलापुर रेलवे स्टेशन के बीच एक फ्लाईओवर के नीचे हुई। कांडे के मुताबिक, मृतक की पहचान साहिर अली के रूप में हुई है, जो पश्चिम बंगाल का रहने वाला था और छुट्टियां मनाने के लिए ठाणे के अंबरनाथ इलाके में अपने रिश्तेदार के घर आया था। कांडे ने बताया कि साहिर मंगलवार को अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ सेल्फी लेने और तस्वीरें खिंचवाने के लिए एक फ्लाईओवर के नीचे रेलवे की पटरियों पर गया। उन्होंने बताया कि सेल्फी लेने में मशगूल होने के कारण वह पीछे से आ रही तेज रफ्तार कोयना एक्सप्रेस पर ध्यान नहीं दे पाया और उसकी चपेट में आ गया। कांडे के अनुसार, हादसे में साहिर की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पर कल्याण जीआरपी कर्मी मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भिजवाया। कांडे के मुताबिक, पुलिस ने दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया है और घटना की जांच की जा रही है।

### प्रेमिका के लिए तीन करोड़ का घर बनवाने वाला चोर गिरफ्तार, दो दशक में बनाई करोड़ों की संपत्ति

बंगलूरू, एजेंसी। कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू में 9 जनवरी को हुई 14 लाख रुपये की चोरी के आरोप में एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसके पास से 181 ग्राम सोने के बिस्किट, 33 ग्राम चांदी के गहने और एक बंदूक बरामद की है। आरोपी इतना शातिर है कि कई अभिनेत्रियों से उसके संबंध हैं और पूर्व में उसने चोरी के पैसों से अपनी प्रेमिका के लिए तीन करोड़ रुपये का बंगला भी बनवाया था। पुलिस ने बुधवार को बताया कि सोलापुर का रहने वाला आरोपी पंचाक्षरी स्वामी (37) शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं। जांच में पता चला कि स्वामी पिछले दो दशक से देशभर में चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा था। अधिकारी ने बताया कि 2014-15 में स्वामी ने एक अभिनेत्री के साथ समय बिताना शुरू किया और उस पर दिल खोलकर खर्च किया। उन्होंने बताया कि स्वामी ने उस अभिनेत्री के लिए कोलकाता में 3 करोड़ रुपये का एक बंगला बनवाया था। इनता ही नहीं, अभिनेत्री को 22 लाख रुपये का एक एक्वेरियम भी भेंट किया था। 2016 में गुजरात में चोरी के दौरान स्वामी पकड़ा गया और उसे छह साल की जेल हो गई।

### ओडिशा में मालगाड़ी के तीन डिब्बे बेपटरी

सुंदरगढ़, एजेंसी। ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में राउरकेला रेलवे स्टेशन के पास बुधवार को एक मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि पटरी पार करने के बाद तीनों वैगन मालगोदाम झुग्गी बस्ती में रेलवे पटरियों के निकट स्थित घरों के पास पहुंच गए। झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया, जब डब्बे हमारी कॉलोनी की ओर बढ़े तो हम अपने घरों से भाग निकले। दुर्घटना के कारण रेलवे गेट-बसंती कॉलोनी मार्ग पर यातायात बाधित हो गया है।

### ओडिशा में नदी में डूबे दो स्कूली छात्र, मौत

खोरधा , एजेंसी। ओडिशा के खोरधा जिले के बालियांता ब्लॉक के अंतर्गत रंगा बाजार के पास कुआखाई नदी में देवी सरस्वती की मूर्ति विसर्जन के दौरान दो स्कूली छात्रों की डूबकर मौत हो गई।

# त्रिपुरा में सियासी हलचलः वादे पूरे न होने पर सत्ता छोड़ने को तैयार टिपरा मोथा

अगरतला, एजेंसी। त्रिपुरा में सियासी गर्मी बढ़ने वाली है. जानकारी के मुताबिक यहां की टिपरा मोथा पार्टी (टीएमपी) के सुप्रीमो प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मा ने एक बड़ा बयान दिया है. उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि पार्टी से किए गए वादे पूरे नहीं होते हैं तो उनकी पार्टी राज्य में सत्ता से बाहर होने के लिए तैयार है. बता दें, टीएमपी ने 2023 का त्रिपुरा विधानसभा चुनाव अकेले लड़ा था और 13 सीटें जीतकर सबको चौंका दिया था. इसके बाद, पिछले साल लोकसभा चुनावों से ठीक पहले पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में शामिल हो गई थी.



बुधवार को पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर फेसबुक पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए देबबर्मा ने कहा, हमने सुरक्षा, भूमि, शिक्षा, पहचान, त्रिपुरा स्वायत्त जिला परिषद (टीटीएएडीसी) को प्रत्यक्ष वित्त पोषण और संस्कृति के अधिकार मांगे हैं, जो स्पष्ट रूप से देश के खिलाफ नहीं हैं. ऐसा लगता है कि कुछ लोग हमें धोखा दे रहे हैं. उन्होंने आगे कहा, अगर हमें वादे के मुताबिक अधिकार नहीं दिए जा रहे हैं, तो हम सत्ता से बाहर रहने के लिए तैयार हैं. अगर हम अपने लोगों की मदद नहीं कर सकते तो सत्ता में रहने का कोई मतलब नहीं है. हमारे लिए राजनीति महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि लोगों के लिए सही मायने रखता है. देबबर्मा ने पार्टी विधायकों और जिला परिषद (एमडीसी) के सदस्यों से सही समय पर सही निर्णय लेने के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने का आह्वान किया. उन्होंने आदिवासी परिषद क्षेत्रों में ग्राम समितियों के चुनाव कराने में देरी पर भी अपनी निराशा व्यक्त की. टीएमपी सुप्रीमो ने जोर देकर कहा कि वे अपने लोगों को धोखा नहीं दे सकते. उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों पर हमलों के बीच बांग्लादेश पाकिस्तान के करीब जा रहा है.

देबबर्मा ने कहा, यहां (त्रिपुरा) हम स्वदेशी लोगों के अधिकारों को सुनिश्चित करने में विफल हो रहे हैं. अगर उग्रवाद फिर से शुरू होता है, तो कौन जिम्मेदार होगा? यदि आप शांतिपूर्ण तरीके से कुछ चाहते हैं तो देरी होगी, लेकिन जब हिंसक गतिविधियां होती हैं, तो सरकार तुरंत प्रतिक्रिया देती है. उन्होंने सरकार से टिपरासा (त्रिपुरा के आदिवासी समुदाय) के लोगों की मांगों का समाधान लाने का आग्रह करते हुए कहा कि उनकी पार्टी पिछले एक साल से इसका इंतजार कर रही है. देबबर्मा ने स्पष्ट लहजे में कहा, मैं सरकार से समाधान लाने की अपील करता हूं. हम बहुत लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं. अब और इंतजार नहीं कर सकते. अपना मन बनाइए और हमें बताइए कि क्या आप हमारी मदद कर सकते हैं या हमें तय करने दीजिए कि हमें क्या करना है. उन्होंने आगे कहा, हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बहुत सम्मान करते हैं. हमने एक साल तक इंतजार किया और बच्चों और लोगों का भविष्य अधर में लटका हुआ है.

## लोकतंत्र खतरे में है और चुनाव आयोग निष्पक्षता दिखाने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा हैः अखिलेश यादव

नई दिल्ली, एजेंसी। समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी निशाना साधते हुए कहा कि यह भाजपा का चुनाव लड़ने का तरीका है। चुनाव आयोग मर गया है, सफेद कपड़ा हमें भेंट करना पड़ेगा। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए हरसंभव तरीके अपना रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र खतरे में है और चुनाव आयोग निष्पक्षता दिखाने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। आपको बता दे की कल मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव थे ,तब समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी । उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर में पुलिस मतदाताओं के आईडी कार्ड चेक कर रही है, जिसमें पुलिस के बड़े अधिकारी शामिल हैं। ऐसे लोगों को तुरंत हटा कर दंडात्मक कार्यवाही की जाए।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पुलिस अधिकारी की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा था कि चुनाव आयोग तुरंत इस समाचार से जुड़ी तस्वीरों का संज्ञान ले कि अयोध्या की पुलिस मिल्कीपुर में मतदाताओं के आईडी कार्ड चेक कर रही है, जिसमें पुलिस के बड़े अधिकारी भी शामिल हैं। ये अप्रत्यक्ष रूप से मतदाताओं में भय उत्पन्न करके मतदान को प्रभावित करने का लोकतांत्रिक अपराध है। ऐसे लोगों को तुरंत हटाया जाए और दंडात्मक कार्वाई की जाए।

## मुख्यमंत्री फडणवीस को अपनी बेटी की परवाह है, तो मराठा बच्चों की क्यों नहीं : जरांगे



मुंबई, एजेंसी। कोटा कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने बुधवार को पूछा कि मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस को अपनी बेटी की इतनी अधिक परवाह है, तो वह मराठा बच्चों के लिए भी उतना ही परवाह क्यों नहीं करते और उन्हें आरक्षण क्यों नहीं दे देते। मराठा समुदाय के लिए शिक्षा और सरकारी नौकरियों में आरक्षण की मांग को लेकर कई बार भूख हड़ताल कर चुके जरांगे ने फडणवीस के मंगलवार को दिए गए बयान का जिक्र किया। जरांगे ने कहा कि इस बयान में फडणवीस ने कहा था कि उनकी बेटी की 10वीं कक्षा की परीक्षा खत्म होने तक उन्होंने मुंबई में मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास में स्थानांतरित होने को स्थगित कर दिया था। यहां पत्रकारों से बातचीत में जरांगे ने कहा, ''हमने कल एक पिता का अपनी बेटी के प्रति प्यार देखा...अगर उन्हें अपनी बेटी की इतनी अधिक परवाह है, तो वह मराठा समुदाय के बच्चों की परवाह क्यों नहीं करते?'' उन्होंने कहा, ''आप अपनी बेटी की खातिर महज 500 मीटर दूर दूसरे बंगले में स्थानांतरित नहीं हो रहे हैं....तो फिर आपको हमारे बच्चों की दुर्दशा क्यों नहीं दिखती जो परीक्षा में कम नंबर आने पर फंदे से लटक जाते हैं?'' जरांगे ने कहा, ''मुख्यमंत्री उन्हें आरक्षण क्यों नहीं दे देते जो उनका अधिकार है।'' उन्होंने दावा किया धनगर समुदाय को भी आरक्षण के वादे के साथ 10 साल तक भ्रमित किया गया, लेकिन आरक्षण कभी नहीं दिया।

**ओडिशा में डिप्टी डायरेक्टर के घर से 1.5 करोड़ नकद जब्त : भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के मलकानगिरी जिले में राज्य सरकार के एक अधिकारी के घर से 1.5 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए हैं। भ्रष्टाचार निरोधक सतर्कता विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में मलकानगिरि के वाटरशेड उप निदेशक शांतनु महापात्रा के घर पर छापा मारा। विभाग की ओर से जारी बयान में कहा गया कि छापे की कार्रवाई विशेष न्यायाधीश (सतर्कता विभाग, जयपुर) की ओर से जारी तलाशी वारंट के आधार पर की गई।

## बारामुल्ला के पास सेना की गोलीबारी में ट्रक चालक की मौत, जारी किया बयान

जम्मू, एजेंसी। श्रीनगर से बारामुल्ला की ओर जा रहे एक ट्रक चालक की चिन्नेड संग्रामा, बारामुल्ला में जमकाश शोरूम के पास सेना द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान वसीम मजीद मीर, 35, पुत्र अब्दुल मजीद मीर के रूप में हुई है, जो गोरीपोरा दारपोरा बोमई, सोपोर का निवासी था। गोली लगने के बाद उसे सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) बारामुल्ला ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके शव को आगे की प्रक्रियाओं के लिए अस्पताल में रखा गया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी स्थिति का आकलन करने के लिए जीएमसी बारामुल्ला पहुंचे हैं। इस बीच, सेना ने घटनाओं के क्रम का विवरण देते हुए एक बयान जारी किया है। सेना के अनुसार, आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर 5 फरवरी, 2025 को बारामुल्ला में एक मोबाइल वाहन चेक पोस्ट (एमवीसीपी) स्थापित किया गया था। सेनाधिकारियों के बकौल, ऑपरेशन के दौरान, सुरक्षा बलों ने एक तेज रफ्तार और संदिग्ध नागरिक ट्रक को देखा। सेना का कहना था कि कई चेतावनियों के बावजूद, वाहन रुकने में विफल रहा और चेक पोस्ट पार करते समय तेज़ी से आगे बढ़ गया।

# राष्ट्रपति मुर्मू अगले सप्ताह झारखंड की दो दिवसीय यात्रा करेंगी

नईदिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अगले सप्ताह झारखंड की दो दिवसीय यात्रा करेंगी और यहां एक कार्यक्रम में भाग लेंगी। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति 14 फरवरी को रांची पहुंचेंगी और अगले दिन बीआईटी मेसरा के हीरक जयंती समारोह में भाग लेंगी। अधिकारी ने बताया कि संस्थान में शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध और तकनीकी नवाचार के 70 साल पूरे होने का जश्न मनाया जाएगा। रांची के उपायुक्त (डीसी) मंजूनाथ भजंत्री ने बुधवार को राष्ट्रपति के दौरे की तैयारियों की समीक्षा के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की। आधिकारिक बयान के अनुसार, उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। भजंत्री ने अधिकारियों से प्रोटोकॉल के मुताबिक समय पर तैयारियां पूरी करने को कहा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को हवाई अड्डा, राजभवन और कार्यक्रम स्थल समेत प्रमुख स्थानों पर नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी तैनात करने का भी निर्देश दिया। डीसी ने अधिकारियों से कहा, ''राष्ट्रपति के आवागमन वाले मार्ग के साथ सभी ऊंची इमारतों और संवेदनशील स्थानों की पहचान करके व्यापक सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।'' उन्हें प्रस्तावित मार्ग पर किसी भी तरह के अतिक्रमण को हटाने और सड़कों की मरम्मत करने का भी निर्देश दिया गया।



**प्रतिबंधित संगठनों के साथ समझौतों से त्रिपुरा में शांति और समृद्धि आईः शाह : अगरतला, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि त्रिपुरा अब देश के अन्य हिस्सों से पूरी तरह से जुड़ गया है, और प्रतिबंधित संगठनों के साथ समझौतों से इस पूर्वोत्तर राज्य में शांति एवं समृद्धि आई है। अगरतला में त्रिपुरा सरकार के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को नई दिल्ली से ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने पिछले सात वर्षों में कांग्रेस एवं वाममोर्चा के कई दशकों के शासन की तुलना में अधिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा, ''पिछले 10 वर्षों में प्रतिबंधित संगठनों के साथ हुए तीन समझौतों से त्रिपुरा में शांति और समृद्धि आई है।'' भाजपा नेता इस बात पर जोर देते रहे हैं कि पिछले कुछ वर्षों में त्रिपुरा और देश के बाकी हिस्सों के बीच भूमि, हवाई और रेल संपर्क में बेहतर सुधार हुआ है। भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन 2018 से राज्य में शासन कर रहा है। नियुक्ति पत्र वितरण को लेकर शाह ने कहा कि त्रिपुरा में माणिक साहा के नेतृत्व वाली सरकार ने बिना किसी भेदभाव के 'मल्टी-टास्किंग स्टाफ' (ग्रुप-डी) के 2,806 पदों के लिए भर्ती अभियान पूरा कर लिया है।

**सैन्य अधिकारी और मंगेतर की प्रताड़ना मामले में ओडिशा सरकार ने जांच आयोग का कार्यकाल बढ़ाया : भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा में बीते साल सितंबर में हिरासत में सेना के अधिकारी और उसकी मंगेतर को प्रताड़ित करने का मामला सामने आया था। इसकी जांच के लिए जस्टिस चित्तरंजन दास जांच आयोग का गठन किया गया। इसके सचिव सुवेंदु मोहंती ने बताया कि जांच पूरी नहीं हुई है, इसलिए आयोग का कार्यकाल 28 फरवरी तक बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा, 14-15 सितंबर 2024 की रात को भरतपुर पुलिस स्टेशन में कथित तौर पर एक घटना हुई थी, जिसमें एक सेना अधिकारी और उसकी मंगेतर के साथ पुलिस स्टेशन में कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया गया था। इस संबंध में एफआईआर और काउंटर एफआईआर दर्ज की गई थी। राज्य सरकार ने न्यायमूर्ति चित्तरंजन दास की अध्यक्षता में जिस जांच आयोग का गठन किया।

## दिल्ली विस चुनावः ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के साजिद रशीदी का दावा- भाजपा को वोट दिया, ताकि मुसलमानों की छवि बदले

नईदिल्ली, एजेंसी। ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष साजिद रशीदी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे दावा करते हुए दिखाई दे रहे हैं कि उन्होंने बुधवार (5 फरवरी) को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को वोट दिया, ताकि मुसलमानों के बारे में नकारात्मक बातों को चुनौती दी जा सके कि वे भगवा पार्टी को वोट नहीं देते हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए बुधवार को मतदान हुआ। इस बीच, विधानसभा चुनाव में 59 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें आप और भाजपा दोनों पर पैसे बांटने और फर्जी मतदान सहित कदाचार के आरोप लगे हैं, जो यह तय करने के लिए कड़ी लड़ाई में लगे हुए हैं कि राष्ट्रीय राजधानी पर किसका शासन है। मतदान 2020 के विधानसभा चुनावों (62.59 प्रतिशत) से कम है, जब अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी ने 70 सीटों में से 62 सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा को आठ और कांग्रेस को शून्य सीटें मिली थीं। सुबह से ही विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान केंद्रों के बाहर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गई और शाम 6 बजे मतदान बंद होने के निर्धारित



समय के बाद भी लोग इंतजार कर रहे थे। एग्जिट पोल ने दिल्ली में भाजपा की वापसी की भविष्यवाणी की एग्जिट पोल के नतीजे जल्द ही आने शुरू हो गए, जिनमें से कई ने सत्तारूढ़ आप पर भाजपा की जीत की भविष्यवाणी की, जबकि कांग्रेस को एक और हार का सामना करना पड़ा। कम से कम छह एग्जिट पोल ने भाजपा की जीत की भविष्यवाणी की, दो अन्य पोल ने उनके बीच कड़ी टक्कर दिखाई, जिसमें भाजपा को बढ़त मिली। आप की राष्ट्रीय प्रवक्ता रीना गुप्ता ने एग्जिट पोल के नतीजों को खारिज करते हुए कहा कि पार्टी फिर से दिल्ली में सरकार बनाएगी और अरविंद केजरीवाल लगातार चौथी बार मुख्यमंत्री बनेंगे।

**रेस्टोरेंट में चिकन खाकर नौ बीमार : मदुरै, एजेंसी।** मदुरै के चिन्नकदाई स्ट्रीट शोलावंदन स्थित एक रेस्टोरेंट में ग्रिल्ड चिकन खाने के बाद नौ लोग बीमार पड़ गए। शिकायत के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस के अधिकारियों ने विस्तृत जांच शुरू की। इसमें रेस्टोरेंट में साफ-सफाई नहीं मिली। रेस्टोरेंट पर जुर्माना लगाया गया। स्वास्थ्य सेवाओं के उप निदेशक ने बताया कि नौ प्रभावित व्यक्तियों में से चार को शोलावंदन सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि बाकी पांच को मदुरै के सरकारी राजाजी अस्पताल (जीआरएच) में ले जाया गया। उनमें से दो को शोलावंदन अस्पताल में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि अन्य को चिकित्सा देखभाल जारी है।

**तमिलनाडु में तीन शिक्षकों ने किया छात्रा का उत्पीड़न : कृष्णागिरी, एजेंसी।** तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले में एक सरकारी स्कूल में तीन शिक्षकों ने 13 वर्षीय छात्रा का यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने पोक्सो के तहत मामला दर्ज करके तीनों शिक्षकों को गिरफ्तार कर लिया।

## एग्जिट पोल के रुझानों पर प्रमोद तिवारी ने कहा- हम इतनी सीटें जीत रहे हैं कि दिल्ली में सरकार बना सकें

नई दिल्ली , एजेंसी। दिल्ली चुनाव के बाद तमाम एजेंसियों के एग्जिट पोल रुझानों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनती दिख रही है। इस पर कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल पर विश्वास नहीं किया जा सकता। हम इतनी सीटें जीत रहे हैं कि दिल्ली में सरकार बना सकें। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से कहा, हरियाणा चुनाव के बाद भी एग्जिट पोल में जो दिखाया गया, चुनाव परिणाम उससे अलग आया। ऐसे में एग्जिट पोल के रुझानों पर पूरा भरोसा नहीं किया जा सकता। एग्जिट पोल के हिसाब से कांग्रेस की कुछ सीटों पर इजाफा हो रहा है, लेकिन हमारे हिसाब से कांग्रेस की इतनी सीटों पर इजाफा हो रहा है कि हम सरकार बना सकें। अमेरिका के अवैध भारतीय प्रवासियों को डिपोर्ट करने और लगातार इस विषय पर अमेरिका से संपर्क में रहने के बयान वाले विदेश मंत्रालय के बयान पर प्रमोद तिवारी ने तंज कसा। उन्होंने कहा, विदेश मंत्री एक सप्ताह से अमेरिका की राजधानी में पड़े हुए थे, वो क्या करके आए हैं? पीएम मोदी नारा



लगाकर आए थे कि अगली सरकार ट्रंप सरकार। पीएम मोदी जिसके नारे लगा रहे थे, उसने भारतवासियों को डिपोर्ट किया। डिपोर्ट करना अपनी जगह है, लेकिन उन्होंने जहाजों में ठूस कर मालवाहक जहाज से भेजा। जिस विमान से लाया गया, उसका उपयोग सामान्य तौर पर सामान ढोने के लिए किया जाता है।

उन्होंने कहा, ऐसे भी आरोप लग रहे हैं कि उनके हाथों में हथकड़ी और पैरों में बेड़ी थी और 24 घंटे की यात्रा थी। भारतवासियों के सम्मान की दुर्दशा क्यों कह रहे हैं? ये सिर्फ उनके सम्मान की बात नहीं बल्कि भारत माता का भी अपमान हुआ है। मैं कठोरतम शब्दों में उनके कृत्य की निंदा करता हूं और सरकार की विदेश नीति की घोर आलोचना करता हूं।

# पीएम मोदी सरकार की उम्मीद योजना, महिलाओं के सपनों को मिली उड़ान

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर में चलाई जा रही उम्मीद योजना ने महिलाओं के सपनों को नई उड़ान दी है. इस योजना ने सिर्फ महिलाओं को रोजगार ही नहीं दिया है बल्कि उन्हें वह हौसला और आत्मविश्वास भी दिया है, जिसके दम पर वे आत्मनिर्भर बन सकती हैं. शिक्षित होने के बावजूद बेरोजगारी का दंश झेल रही महिलाएं इस योजना की मदद से घर की बेड़ियों को तोड़कर बाहर आई हैं. जम्मू-कश्मीर ग्रामीण आजीविका मिशन (जेकेआरएलएम) की उम्मीद योजना के तहत राजौरी के सीमावर्ती जिले में महिलाओं ने मसाले और मसाला उत्पाद बनाने के लिए एक स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) बनाया है. इससे उन्हें रोजगार मिला है और प्रतिमाह हजारों रुपये की आमदनी भी हो रही है. यहां काम करने वाली महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया है.

**पीएम मोदी का बहुत-बहुत धन्यवाद :** योजना की एक लाभार्थी ने बताया, हम उम्मीद योजना का हिस्सा हैं और हमने स्पाइसी नाम से एक इकाई शुरू की है, जहां हम हल्दी, मिर्च, धनिया और अन्य मसाला पाउडर का प्रसंस्करण और पैकेजिंग करते हैं. हमारी इकाई में 10 समूह हैं, जिनमें से प्रत्येक में 10 महिलाएं हैं. पीएम मोदी का बहुत-बहुत धन्यवाद.



हम चाहते हैं कि पीएम मोदी हम लोगों के लिए और भी स्कीम दें. जिससे ज्यादा से ज्यादा महिलाएं लाभांवित हो सकें. एक अन्य लाभार्थी ने कहा कि शिक्षित होने के बावजूद उनके पास रोजगार नहीं था. लेकिन, उम्मीद योजना ने उन्हें रोजगार दिया है और महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं. महिलाओं ने अन्य लोगों, विशेषकर सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं से इस योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया और इस बात पर जोर दिया कि यह योजना वित्तीय स्वतंत्रता का मार्ग प्रदान करती है, जिससे हर महीने हजारों रुपये और सालाना लाखों रुपये कमाने की संभावना है. यह पहल ग्रामीण महिलाओं के बीच आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में सरकारी योजनाओं के परिवर्तनकारी प्रभाव का प्रमाण है. उल्लेखनीय है कि उम्मीद योजना केंद्र सरकार के स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन द्वारा शुरू की गई है. इसका उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में रहने वाली महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है. इस योजना की मदद से महिलाओं के परिवारों की आय बढ़ रही है, उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

**बिड़ला की बेटी अनन्या ने नए सौंदर्य प्रसाधन उद्यम की घोषणा की : नईदिल्ली, एजेंसी।** उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला की बेटी अनन्या बिड़ला ने बुधवार को एक नए उद्यम की शुरुआत के साथ तेजी से बढ़ते सौंदर्य प्रसाधन क्षेत्र में प्रवेश की घोषणा की। बयान के अनुसार, अनन्या बिड़ला (30) 2025 में राष्ट्रीय स्तर पर सौंदर्य व व्यक्तिगत देखभाल ब्रांड की एक श्रृंखला लेकर आएंगी। बयान में कहा गया, बढ़ती खर्च योग्य आय, ई-कॉमर्स की गहरी पैठ और उपभोक्ताओं के बीच बढ़ता खुलापन भारत में सौंदर्य को बढ़ावा दे रहा है। व्यक्तिगत देखभाल बाजार में सालाना 10-11 प्रतिशत की वृद्धि होने और 2028 तक इस क्षेत्र के 34 अरब अमेरिकी डॉलर का अवसर बनने की उम्मीद है। बिड़ला ने कहा, '' वैश्विक उत्पादों व अधिक ज्ञान के साथ भारतीय उपभोक्ता अब घरेलू ब्रांड से अधिक मांग करते हैं। इस उद्यम का उद्देश्य प्रामाणिकता व नवीनता के साथ उन अपेक्षाओं को पूरा करना और भारतीय बाजार में विश्वस्तरीय उत्पाद लाना है।

नेशनल गेम्सः

# बलराज पंवार चमके, पुरुष एकल स्कल में जीता स्वर्ण पदक



**टिहरी (उत्तराखंड), एजेंसी।** मध्य प्रदेश को उभरती हुई नौकाचालक खुशप्रीत कौर ने 8:40.35 के समय के साथ महिला एकल स्कल में पहला स्वर्ण दिलाया। महाराष्ट्र की मृण्मयी नीलेश (8:47.65) और अंडमान और निकोबार की अमृता मिंज (8-48.18) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता।

पिछले साल चीन में एशियाई खेलों में कांस्य पदक से चूकने वाले पेरिस ओलंपियन बलराज पंवार ने बुधवार को राष्ट्रीय खेलों में पुरुषों की एकल स्कल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा में जन्मे पंवार ने सेना के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए सात मिनट और 26.68 सेकंड में दो किमी की दूरी पूरी कर अपने स्वर्ण पदक का बचाव किया।

उत्तराखंड के नवदीप सिंह (7:41.17) और महाराष्ट्र के गुरु प्रताप सिंह (8:04.01) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। दो बार के राष्ट्रीय चैंपियन पंवार ने पिछले साल हांग्झोऊ एशियाई खेलों में पदार्पण करते हुए चौथा स्थान हासिल किया था। पंवार ने 2023 गोवा राष्ट्रीय खेलों में 6:28.5 के समय के साथ पुरुष एकल स्कल स्वर्ण जीता था। मध्य प्रदेश को उभरती हुई नौकाचालक खुशप्रीत कौर ने 8:40.35 के समय के साथ महिला एकल स्कल में पहला स्वर्ण दिलाया। महाराष्ट्र की मृण्मयी नीलेश (8:47.65) और अंडमान और निकोबार की अमृता मिंज (8:48.18) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता।

**सुरुची को स्वर्ण, 10 मीटर एयर पिस्टल में हरियाणा का दबदबा**

हरियाणा की सुरुची ने बुधवार को राष्ट्रीय खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 245.7 अंक के साथ महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा की ही पलक ने 243.6 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया जबकि पंजाब की सिमरनप्रीत कौर बरार ने त्रिशूल निशानेबाजी रेंज में 218.8 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन्स में मध्य प्रदेश के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर क्वालीफाइंग दौर के बाद 598 अंक के साथ शीर्ष पर रहे। स्पर्धा में 33 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिनमें से आठ ने फाइनल में जगह बनाई। तोमर के अलावा सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) के चैन सिंह (594), नीरज कुमार (591) और निशान बुड्ढा (589), महाराष्ट्र के स्वप्निल सुरेश कुसाले (588), उत्तर प्रदेश के अखिल श्योराण (587), मध्य प्रदेश के गोल्डी गुर्जर (587) और एसएससीबी के गंगा सिंह (587) ने फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन्स स्पर्धा का फाइनल बृहस्पतिवार को होगा।

इंडिया-इंग्लैंड पहला एकदिवसीय

# भारत ने इंग्लैंड को 248 रन पर किया ढेर, बटलर-बेथेल के अर्धशतक



**नागपुर, एजेंसी।** वनडे सीरीज के पहले मैच में भारत ने इंग्लैंड को 47.3 ओवर में 248 रन ढेर कर दिया। जोस बटलर और जैकब बेथेल के अर्धशतकों की बदौलत इस स्कोर तक पहुंच सका। अब भारत के सामने जीत के लिए 249 रन का लक्ष्य है। बटलर और बेथेल के अलावा फिल सॉल्ट (43) ने तीसरी सबसे बड़ी पारी खेली।

भारत की तरफ से हर्षित राणा और रविंद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा 3-3 विकेट अपने नाम किए। टी20 सीरीज 4-1 से अपने नाम करने के बाद अब भारत नागपुर में जीत से वनडे श्रृंखला की शुरूआत करना चाहेगा। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला वनडे मैच नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। भारतीय टीम में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। विराट कोहली घुटने की समस्या के कारण पहला वनडे नहीं खेलेंगे। इसी के साथ ही ऋषभ पंत को भी बाहर रखा गया है और उनकी जगह विकेटकीपर के रूप में केएल राहुल को मौका मिला है। इंग्लैंड ने पहला विकेट फिल साल्ट का गंवाया जो 43 रन पर श्रेयर अय्यर और केएल राहुल की बदौलत रन आउट हुए।

बेन डकेट और हैरी ब्रूक को हर्षित राणा ने पवेलियन का रास्ता दिखाया। डकेट ने 29 गेंदों पर 32 रन की पारी खेली जबकि ब्रूक खाता खोलने में नाकाम रहे। जो रूट 19 रन पर जडेजा का शिकार बने और एलबीडब्ल्यू हुए। बटलर 52 रन की शानदार पारी खेलकर अक्षर की गेंद पर पांड्या के हाथों कैच आउट हुए। हर्षित ने अपना तीसरा विकेट लियाम लिविंगस्टोन का लिया जो 5 रन पर अभी मैदान पर पैर जमाने की कोशिश में थे। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने पहला विकेट लेते हुए ब्रायडन कार्से को 10 रन पर बोल्ड किया।

एलेक्स हेल्स ने किया बड़ा कमाल

## टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बने दूसरे बल्लेबाज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज एलेक्स हेल्स टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दुनिया के दूसरे बल्लेबाज बन गए. हेल्स इन दिनों इंटरनेशनल लीग टी20 में डेजर्ट वाइपर के लिए खेल रहे हैं. टूर्नामेंट का पहला क्वालीफायर डेजर्ज वाइपर और दुबई कैपिटल्स के बीच खेला गया. इसी मुकाबले में हेल्स टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने. मुकाबले में हेल्स ने 32 गेंदों में 5 चौके और 6 छक्कों की मदद से 67 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली, जिसकी बदौलत उन्होंने पोलार्ड का रिकॉर्ड धराशाई किया.

हेल्स ने अपने टी20 करियर में 13,558 रन बना लिए हैं. वहीं वेस्टइंडीज के कीरोन पोलार्ड ने अपने टी20 करियर में 13,537 रन स्कोर कर लिए हैं. बताते चलें कि पोलार्ड भी इंटरनेशनल लीग टी20 में खेल रहे हैं. पोलार्ड एमआई एमिरेट्स के लिए खेल रहे हैं. टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल 14,562 रनों के साथ अव्वल नंबर पर हैं. हेल्स ने मई, 2009 में टी20 डेब्यू किया था. वहीं पोलार्ड ने जुलाई 2006 में टी20 डेब्यू किया था. हेल्स ने अब तक 492 टी20 मुकाबले खेले हैं, जबकि पोलार्ड ने 695 मुकाबले खेल लिए हैं. इस लिहाज से हेल्स कम वक्त और कम मुकाबलों में पोलार्ड से ज्यादा टी20 रन बना लिए.

### इंटरनेशनल लीग टी20 में क्वालीफायर मैच हारी हेल्स की टीम

क्वालीफायर मुकाबले में एलेक्स हेल्स की टीम डेजर्ट वाइपर को दुबई कैपिटल्स के सामने 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा. मुकाबले में दुबई कैपिटल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया. पहले बैटिंग करने उतरी डेजर्ट वाइपर ने 20 ओवर में 189/7 रन बोर्ड पर लगाए. फिर लक्ष्य का पीछा करने उतरी दुबई कैपिटल्स ने 20 ओवर में 193/5 रन बनाकर 5 विकेट से जीत अपने नाम कर ली. इस दौरान टीम के लिए गुलबदीन नायब ने सबसे बड़ी पारी खेलते हुए 39 गेंदों में 7 चौके और 1 छक्के की मदद से 62 रन स्कोर किए.

रिटायरमेंटः

# मार्कस स्टोइनिस ने वनडे से अचानक लिया संन्यास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने आश्चर्यजनक रूप से तत्काल प्रभाव से एक दिवसीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने गुरुवार को कहा कि स्टोइनिस टी20 में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे, साथ ही उन्होंने कहा कि 50 ओवर के प्रारूप से संन्यास लेने का उनका फैसला टी20 क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करने के लिए है।

वनडे से स्टोइनिस के संन्यास का मतलब यह भी है कि सीए आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल करेगा। स्टोइनिस ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे क्रिकेट खेलना एक अविश्वसनीय यात्रा रही है और मैं टीम की जर्सी में बिताए हर पल के लिए आभारी हूं। उच्चतम स्तर पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए काफी खास है। जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा। स्टोइनिस ने एक बयान में कहा, यह कोई आसान फैसला नहीं था, लेकिन मेरा मानना है कि मेरे लिए वनडे से दूर रहने और अपने करियर के अगले अध्याय पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित करने का यह सही समय है। रॉन (एंड्रयू मैकडोनाल्ड) के साथ मेरे शानदार संबंध हैं और मैं उनके सपोर्ट की बहुत सराहना करता हूं। मैं पाकिस्तान में टीम का उत्साहवर्धन करूंगा। स्टोइनिस का ऑस्ट्रेलिया ने वनडे करियर की शुरुआत 2015 में ओल्ड ट्रैफर्ड से की थी। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ बतौर ऑल राउंडर बल्ले और गेंद से जौहर दिखाया। इसी दौरे पर उन्होंने अपना पहला टी20 मैच भी खेला था। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीम में खुद को स्थापित करने के लिए उन्हें अगले साल तक इंतजार करना पड़ा, जो उन्हें ईडन पार्क में न्यूजीलैंड के खिलाफ नाबाद 146 रन बनाकर और तीन विकेट लेकर मिला।

हेड कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, स्टोइनिस भारत में 2023 में होने वाले वनडे विश्व कप खिताब जीतने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम का हिस्सा थे और उन्हें 2018-19 में देश का वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था। वह पिछले एक दशक से हमारे वनडे सेटअप का अहम हिस्सा रहे हैं। वह न केवल एक अमूल्य खिलाड़ी रहे हैं, बल्कि टीम में शामिल होने वाले एक अविश्वसनीय व्यक्ति भी हैं। वह एक स्वाभाविक लीडर, एक असाधारण लोकप्रिय खिलाड़ी और एक महान व्यक्ति हैं। उन्हें उनके वनडे करियर और उनकी सभी उपलब्धियों के लिए बधाई दी जानी चाहिए। चैंपियंस ट्रॉफी शुरू होने से सिर्फ दो सप्ताह पहले स्टोइनिस के वनडे से संन्यास लेने और पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के चोटिल होने की चिंताओं के मद्देनजर सीए ने कहा कि राष्ट्रीय चयन पैनल (एनएसपी) श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के समापन के बाद चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम को अंतिम रूप देगा। ऑस्ट्रेलिया पहले ही ऑलराउंडर मिशेल मार्श को पीठ की चोट के कारण खो चुका है और स्टोइनिस के वनडे से बाहर होने से ऑस्ट्रेलिया के पास बेस्ट 15 का चयन करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है।

ऑस्ट्रेलिया को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 12 फरवरी तक आईसीसी को 15 सदस्यीय टीम का नाम सौंपना है।

# 2028 ओलंपिक की तैयारी, ट्रांसजेंडर एथलीट्स पर प्रतिबंध के लिए आईओसी पर दबाव डालेगा ट्रंप प्रशासन

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ट्रांसजेंडर एथलीटों के खिलाफ अपनी लड़ाई को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति तक ले जाने के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने बुधवार को महिला खेलों में ट्रांसजेंडर एथलीटों पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि उनका प्रशासन चाहता है कि लॉस एंजिलिस में 2028 के ग्रीष्मकालीन खेलों से पहले आईओसी ओलंपिक और इस बिल्कुल हास्यास्पद विषय से जुड़ी हर चीज को बदल दे। पात्रता लिंग के मुताबिक निर्धारित की जाती है. यह आदेश राज्य के सचिव के कार्यालय को आईओसी पर ओलंपिक खेल



आयोजनों को नियंत्रित करने वाले मानकों में संशोधन करने के लिए दबाव डालने का अधिकार देता है। इसके मुताबिक, महिला एथलीटों की निष्पक्षता, सुरक्षा और सर्वोत्तम हितों को बढ़ावा देना सर्वोपरि है। साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि महिलाओं के खेल आयोजनों में भागीदारी के लिए पात्रता लिंग के मुताबिक निर्धारित की जाती है, न कि लिंग पहचान या टेस्टोस्टेरोन में कमी के अनुसार।

आदेश में राज्य सचिव और होमलैंड सिक्योरिटी विभाग से महिलाओं के खेलों में भाग लेने के इच्छुक पुरुषों को अमेरिका में प्रवेश की अनुमति देने वाली नीतियों की आवश्यकतानुसार समीक्षा और समायोजन करने के लिए भी कहा गया है।

## लाहौर का गद्दाफी स्टेडियम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए तैयारः पीसीबी



**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में नवीनीकरण और आधुनिकीकरण का काम 117 दिन के रिकॉर्ड समय में पूरा हो गया है और अब यह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी सहित अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की मेजबानी के लिए तैयार है। पीसीबी ने एक बयान में कहा कि स्टेडियम में अब बेहतर सुविधाएं, नई फ्लडलाइट्स, हॉस्पिटैलिटी बॉक्स, अधिक दर्शकों के बैठने की क्षमता, इलेक्ट्रॉनिक स्कोरबोर्ड और शीर्ष स्तर के एलईडी टावर हैं।

पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी ने कहा, 'मैं उन सभी लोगों का आभारी हूं जिन्होंने आशंकाओं और आलोचनाओं के बावजूद स्टेडियम को समय पर तैयार करने के लिए दिन-रात काम किया। हाल ही में यह बताया गया था कि पीसीबी काम पूरा करने में कम से कम पांच सप्ताह पीछे चल रहा है। पीसीबी को 12 फरवरी तक स्टेडियम को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) को सौंपना है क्योंकि टूर्नामेंट एक सप्ताह बाद शुरू होगा। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ शुक्रवार को एक समारोह के दौरान स्टेडियम का आधिकारिक उद्घाटन करेंगे जहां अली जफर, आइमा बेग और आरिफ लोहार जैसे प्रसिद्ध कलाकार प्रस्तुति देंगे।

चैंपियंस ट्रॉफीः

# अंपायर नितिन मेनन का पाकिस्तान जाने से इनकार, रैफरी श्रीनाथ ने भी छुट्टी मांगी, कहा- 4 महीने से परिवार से दूर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व गेंदबाज और आईसीसी रेफरी जवागल श्रीनाथ और अंपायर नितिन मेनन आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान नहीं जाएंगे। मेनन ने निजी कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया। वहीं, श्रीनाथ ने एक अखबार से बातचीत में कहा है कि उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान आईसीसी से छुट्टी मांगी थी क्योंकि वह पिछले चार महीनों से सीरीज के लिए घर से बाहर थे। टूर्नामेंट 19 फरवरी से 9 मार्च तक पाकिस्तान और दुबई में होना है। इस बार चैंपियंस ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल में खेली जा रही है। टीम इंडिया के सभी मैच दुबई में खेले जाएंगे। नितिन मेनन नहीं जाएंगे पाकिस्तान की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र के बताया, मेनन ने पाकिस्तान की यात्रा न करने का फैसला किया है। उन्होंने निजी कारणों से अपना नाम वापस ले लिया। मेनन आईसीसी नियमों के कारण दुबई में अंपायरिंग नहीं कर सकते थे। नियमों के मुताबिक दो टीमों के बीच किसी भी मैच में अपने-अपने देश के अंपायर नहीं हो सकते। भारत सभी मैच दुबई में खेलेगा, ऐसे में वह इन मैचों में अंपायरिंग नहीं कर सकते थे। रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी मेनन को चैंपियंस ट्रॉफी रोस्टर में रखना चाहती थी, लेकिन उन्होंने निजी कारणों से पाकिस्तान की यात्रा न करने का फैसला किया।

नितिन मेनन का करियर नितिन मेनन ने अब तक 40 टेस्ट में अंपायरिंग की है। इनमें वह 30 बार मैदान और 10 बार टीवी अंपायर रहे। वनडे में मेनन 75 मैचों में अंपायरिंग कर चुके हैं। वहीं, टी-20 में भी उन्होंने 75 मैचों में अंपायरिंग की है। आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 12 अंपायरों और 3 मैच रेफरी की लिस्ट जारी की मेनन के इंकार करने के बाद आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अंपायरों की लिस्ट जारी कर दी। इस लिस्ट में 12 अंपायर और 3 मैच रेफरी के नाम का ऐलान किया है। जिसमें कोई भी भारतीय शामिल नहीं है। हालांकि, आईसीसी ने मेनन पर कोई टिप्पणी नहीं की। आईसीसी ने अपने बयान में कहा, 12 अंपायरों का एक पैनल आठ टीम के इस टूर्नामेंट में अंपायरिंग करेगा जिसमें से छह अंपायर 2017 में शामिल थे।

# इधर काव्या मारन ने 1000 करोड़ किए खर्च, उधर मिल गई गजब गुड न्यूज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** काव्या मारन के लिए 5 फरवरी 2025 लाजवाब गुजरा. क्योंकि, इस दिन एक नहीं बल्कि दो गुड न्यूज उनकी झोली में गिरी. एक तरफ जहां उन्होंने 1000 करोड़ रुपये खर्च कर इंग्लैंड की लीग 'द हण्ड्रेड' में टीम खरीदी. वहीं दूसरी ओर साउथ अफ्रीका की टी-20 लीग में हिचकोले खा रही उनकी टीम को फाइनल में पहुंचने का रास्ता मिल गया है.

उसने 5 फरवरी को एलिमिनेटर मुकाबला जीतकर अपने फाइनल खेलने और तीसरी बार चैंपियन बनने की उम्मीदों को जिंदा रखा है. एसए-20 में काव्या मारन की टीम सनराइजर्स ईस्टर्न कैप ने एलिमिनेटर मैच में जोबर्ग सुपरकिंग्स को शिकस्त दी.

**चले कप्तान, काव्या मारन की टीम की बढ़ी शान**

एलिमिनेटर मुकाबले में सनराइजर्स ईस्टर्न कैप ने पहले बल्लेबाजी की थी. उसने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 184 रन बनाए थे. सनराइजर्स की ओर से उसके कप्तान एडन मारक्रम ने कमाल की नाबाद पारी खेली और सबसे ज्यादा 40 गेंदों पर 62 रन बनाए. कप्तान मारक्रम की इनिंग में 6 चौके और 2 छक्के शामिल रहे. सनराइजर्स की बल्लेबाजी की खूबी ये रही कि उसके हरेक बल्लेबाज ने डबल डिजीट





में स्कोर किया. अब जोबर्ग सुपरकिंग्स के सामने जीत के लिए 185 रन बनाने का लक्ष्य था. मगर वो इस लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 152 रन ही बना सके और 32 रन से मुकाबला हार गए.

अब जैसा कि मुकाबला ही एलिमिनेटर था तो इसमें हार के साथ ही जोबर्ग सुपर किंग्स खिताब की रेस से बाहर हो गई. वहीं जीत के साथ सनराइजर्स ईस्टर्न कैप को क्वालिफायर 2 खेलने का लाइसेंस मिल गया, जिसे जीतकर उसके पास फाइनल में जाने का मौका होगा. सनराइजर्स को एलिमिनेटर में मिली जीत के हीरो खुद उसके कप्तान एडन मारक्रम बने.

### नॉर्दन सुपरचार्जर्स में 100 फीसद हिस्सेदारी खरीदी

काव्या मारन की एसए-20 में सनराइजर्स ईस्टर्न कैप का एलिमिनेटर जीतना दोहरी खुशी जैसा रहा. इसी तरह की खुशी उन्हें इंग्लैंड की द हण्ड्रेड लीग में टीम खरीदकर मिली है. उन्होंने 100 गेंदों वाली लीग में नॉर्दन सुपर चार्जर्स की 100 फीसद हिस्सेदारी करीब 1000 रुपये खर्च कर खरीदी है. काव्या मारन आईपीएल से जुड़ी तीसरी ऑनर हैं, जिन्होंने द हण्ड्रेड में टीम खरीदी हैं.

# सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में किसानो ने ट्रैक्टर रैली निकालकर किया प्रदर्शन, सौपा ज्ञापन




**पन्ना।** मध्यप्रदेश के पन्ना में किसानों ने किसान जन आक्रोश रैली निकाली ओर ट्रैक्टर लेकर पहुंचे किसानों ने कलेक्ट्रेट का घेराव करने की कोशिश की। लेकिन वह सफल नहीं हो सके और उन्हें प्रशासन ने सौ मीटर दूर ही रोक दिया। इन किसानों द्वारा भारतीय किसान संघ के तत्वाधान में पन्ना में विशाल टैक्टर रैली निकाली जिसमें करीब सैकड़ा भर ट्रैक्टरों को लेकर किसान पन्ना पहुंचे। कलेक्ट्रेट घेराव के इरादे से पहुंचे किसानों को प्रशासन ने कलेक्ट्रेट आगे गेट पर ही रोक दिया जिससे किसानों ओर पुलिस प्रशासन के बीच टकराव देखने को मिला। यह किसान सरकार की एमएसपी वादा खिलाफि सहित विभिन्न मांगों के विरोध में आंदोलन-प्रदर्शन कर रहे थे। वहीं पन्ना में ट्रैक्टरों के प्रवेश से कई स्थानों में जाम की स्थिति निर्मित हो गई। किसानों का कहना हे कि यह आंदोलन सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में है। सरकार किसानों की जमीन अधिग्रहण कर रही हे लेकिन उन्हें को उचित मुआवजा नहीं मिल रहा। किसान देश की शान है पहले नारा लगता था जय जवान जय किसान लेकिन अब किसानों को प्रताड़ित किया जा रहा हे। उत्तर प्रदेश के किसानों का अनाज पन्ना में खपाया जा रहा है। जबकि यहां के किसान परेशान है। वहीं जेके सीमेंट प्लांट के द्वारा किसानों की जमीन ओने पौने दामों में ली गई है। उन्हें उचित मुआवजा नहीं मिला। उधर महाकौशल प्रांत के संगठन मंत्री का कहना है कि अगर सरकार उनकी मांगे नहीं मानती तो उनका अगला कदम पूरे शहर में ट्रैक्टर कल्टीवेटर और जेसीबी लेकर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

## इनका कहना है

*यह आंदोलन सरकार की वादा खिलाफी के खिलाफ हे सरकार जमीन अधिग्रहण कर रही लेकिन उचित मुआवजा नहीं मिल रहा।*

**रामकृपाल पटेल**
**जिलाध्यक्ष,भारतीय किसान संघ,पन्ना**

*किसान देश की शान हे पहले नारा लगता था जय जवान जय किसान लेकिन अब किसानों को प्रताड़ित किया जा रहा है उत्तर प्रदेश के किसानों का अनाज पन्ना में खपाया जा रहा हे।जबकि यहां के किसान परेशान हे।जेके सीमेंट प्लांट के द्वारा किसानों की जमीन सस्ते दामों में ली गई हे।उन्हें उचित मुआवजा नहीं मिला।*

**योगेंद्र भदौरिया किसान**

*अगर सरकार उनकी मांगे नहीं मानती तो उनका अगला कदम पूरे शहर में ट्रैक्टर कल्टीवेटर और जेसीबी लेकर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।*

**भरत पटेल ( प्रांत संगठन मंत्री महाकौशल प्रांत )**

किसानों ने ज्ञापन दिया हे उसमें जो मांगे जिला स्तर की होगी उनका निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश स्तर की मांगों को आगे भेज दिया जाएगा। किसानों को गेट पर रोकने के लिए प्रशासन का सहयोग करने के लिए किसानों का धन्यवाद।

## शासकीय जमीन पर किया जा रहा अवैध निर्माण

**पन्ना।** गुनौर तहसील अन्तर्गत ग्राम भितरी मुटमुरू के निवासी प्रताप सिंह द्वारा कलेक्टर जन सुनवाई में आवेदन देते हुए बताया कि माध्यमिक शाला भिटरी मुटमुरू शासकीय विद्यालय के सामने शासकीय जमीन पड़ी हुई है तथा उक्त जमीन पर खेल मैदान बनाया जाना है, लेकिन संबंधित जमीन पर बलबीर सिंह यादव पिता रणधीर सिंह द्वारा जबर अपने निजी मकान का निर्माण कराया जा रहा है। उक्त संबंध में मेरे द्वारा तहसीलदार गुनौर तथा हल्का पटवारी को आवेदन देकर कार्यवाही करने की मांग की गई थी। लेकिन संबंधितो द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। साथ ही ग्राम पंचायत द्वारा भी शासकीय जमीन से अवैध कब्जा हटाने के संबंध मे कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

## नदी में मिली सीताराम कोरी की लाश

**पन्ना।** जिले के बृजपुर थाना अन्तर्गत ग्राम छोटी मडैयन निवासी सीताराम कोरी की लाश नदी में मिली है, बताया जाता है कि वह बाघिन नदी में नहाने गया था, उसी दौरान उसे मिरगी आ गई तथा वह नदी में डूब गया एवं उसकी मौत हो गई, जिसकी सूचना परिजनो को दी गई, तथा परिजनो द्वारा पुलिस को दी गई, पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला विवेचना मे लिया है।

### फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

# सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम 10 फरवरी से

**पन्ना।** पन्ना जिले में फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत आगामी 10 से 25 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.पी. प्रजापति ने एमडीए कार्यक्रम आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 10, 11, 13 एवं 14 फरवरी को स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं संस्थाओं में बूथ के माध्यम से दवा का सेवन कराया जाएगा, जबकि दवा सेवकों द्वारा 15 से 21 फरवरी तक घर-घर भ्रमण कर फायलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी। इसी तरह 22, 24 एवं 25 फरवरी को मॉप अप राउण्ड में छूटे हुए व्यक्तियों को फायलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया जाएगा। गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर दो वर्ष से अधिक आयु की समस्त जनसंख्या को फायलेरिया रोधी तीन तरह की दवाईयों का सेवन आवश्यक है। एलवेण्डाजोल की एक गोली सभी को चबाकर खानी है, जबकि डीईसी की गोली आयु अनुसार तथा आइवर मेक्टिन गोली का सेवन ऊंचाई के अनुसार करना है। दो से पांच वर्ष के बच्चों को डीईसी की एक गोली, 6 से 14 वर्ष के बच्चों को दो गोली तथा 15 वर्ष से ऊपर के बच्चों को तीन गोली खिलाई जाएगी, जबकि 90 से 119 से.मी. की ऊंचाई वाले बच्चों को आइवर मेक्टिन की एक गोली, 120 से 140 से.मी. की ऊंचाई वाले बच्चों को दो गोली तथा 141 से 158 से.मी. की ऊंचाई वाले व्यक्तियों को तीन गोली एवं 158 से.मी. से अधिक ऊंचाई वाले व्यक्तियों को चार गोली का सेवन कराया जाएगा। सीएमएचओ ने बताया कि फायलेरिया बीमारी से ग्रसित व्यक्ति को हाथी पांव अथवा हाइड्रोसील होता है। एक बार शरीर में रोगाणु के प्रवेश करने पर 8 से 10 वर्षों तक कोई लक्षण प्रकट नहीं होते, लेकिन शरीर के अंदर लिम्फेटिक सिस्टम को नुकसान पहुंचता रहता है, जिससे बाद में हाथी पांव बीमारी होती है। इसलिए स्वस्थ्य व्यक्ति सहित समस्त लक्षित जनसमुदाय को दवा सेवन करना जरूरी है। किसी व्यक्ति के शरीर में फायलेरिया रोगाणु होने पर दवा सेवन के बाद बुखार आना, सिर दर्द, चक्कर आना, उल्टी आना या खुजली जैसे लक्षण हो सकते हैं। इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। यह कुछ समय पश्चात स्वयं ठीक हो जाता है। प्रतिकूल प्रभाव उत्पन्न होने पर दवा सेवक टीम से संपर्क किया जा सकता है। प्रतिकूल प्रभाव वाले मरीजों के उपचार के लिए सेक्टरवार 24 रैपिड रिस्पॉस टीम भी गठित की गई है। इस वर्ष पन्ना शहरी क्षेत्र को छोड़कर जिले के समस्त विकासखण्ड में एमडीए का आयोजन होगा। इस दौरान 10 लाख 68 हजार 262 की लक्षित आबादी को दवा सेवन कराया जाएगा। इसके लिए 4 हजार 273 दवा सेवक और 427 सुपरवाइजर की ड्यूटी भी निर्धारित की गई है।

## अनियंत्रति होकर मोटर साईकिल सड़क किनारे गड्ढे मे गिरी, एक की मौत, एक घायल

**पन्ना।** पन्ना अमानगंज रोड़ इटवा बराछ मोड़ पर मोटर साईकिल अनियंत्रित हो कर सड़क के नीचे गहरे गड्ढे मे जा गिरी जिसमें सवार मोटर साईकिल चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई तथा साथ मे बैठा युवक बुरी तरह घायल हो गया, जिसका ईलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। जानकारी के अनुसार छुटुआ चौधरी उम्र 17 वर्ष निवासी पडेरी तथा अमन वर्मन उम्र 18 वर्ष निवासी पटना पन्ना बजार करने आये हुए थे, तथा वापिस मोटर साईकिल से घर जा रहे थें, उसी दौरान मोटर साईकिल अनियंति हो कर रोड़ के नीचे गहरे गड्ढे मे जा गिरी, जिसमें छुटुआ चौधरी की मौत हो गई, तथा अमन वर्मन घायल है, जिसका ईलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है।

## 15 फरवरी से पुनः शुरू होंगी लोक सेवा केंद्रों की सेवाएं

**पन्ना।** एमपीएसईडीसी द्वारा संचालित समग्र पोर्टल एवं समस्त संबंधित एप्लीकेशंस को शीघ्र ही नए सर्वर इंफ्रा एसडीसी 2.0 पर माइग्रेट करने की प्रक्रिया की जानी है, जिससे नए सर्वर इंफ्रा पर माइग्रेट करने से समग्र एप्लीकेशन की दक्षता और कार्यक्षमता में सुधार होकर समग्र एप्लीकेशन के माध्यम से बेहतर सेवाएं दी जाएंगी। ऐसे में सर्वर माइग्रेशन का कार्य 7 से 14 फरवरी तक किया जाएगा। इस अवधि में लगभग सात दिवस तक समग्र पोर्टल एवं समस्त संबंधित एप्लीकेशंस को पूर्णतः बंद रखा जाएगा।

जिला प्रबंधक लोक सेवा पंकज शिवहरे ने बताया कि राज्य और केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं सहित स्थानीय निकायों व पंचायतों में संचालित योजनाओं के लिए एक ही छत के नीचे आवेदन करने और उनका लाभ लेने के लिए लोक सेवा केन्द्र संचालित हैं, जिसमें मुख्य रूप से जाति प्रमाण-पत्र, समग्र आईडी अपडेशन सहित 27 विभागों के करीब 250 सेवाओं के कार्य जिले के लोक सेवा केन्द्रों पर होते हैं, जो बंद रहेंगे। इस दौरान एमपी ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल का नए सर्वर पर माइग्रेशन की प्रक्रिया चलेगी। ऐसे में अधिकतर काम प्रभावित होंगे। 15 फरवरी से लोक सेवा केन्द्रों की सेवाएं पुनः शुरू होंगी। इसके कारण उक्त कार्य के लिए पोर्टल पूर्णतः बंद रहेगा। इस अवधि में सभी सेवाएं बाधित रहेंगी। कुछ सेवाएं 2 फरवरी से ही बंद हो गई थीं। सुधार के बाद समग्र एप्लीकेशन के माध्यम से बेहतर सेवाएं दी जाएंगी।

# यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन




**पन्ना**

सड़क परिवहन एंव राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार व पुलिस मुख्यालय पी.टी. आर.आई. भोपाल एँव पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा, थाना प्रभारी यातायात नीलम लक्षकार व यातायात स्टाफ के द्वारा लगातार यातायात जागरूकता कार्यक्रम किये गये कार्यक्रम के दौरान पोस्टर, बैनर, पम्पलेट, स्टीकर, शॉट फिल्म,प्रिन्ट मीडिया, इक्लट्रोनिक मीडिया से आम जनो को अधिक से अधिक यातायात नियमो का पालन वाहन चलाने की समझाईश दी गयी तथा स्कूल कॉलेजो में सड़क सुरक्षा सबंधी चित्रकला, स्लोगन, निबंध आदि प्रतियोगिताओ का आयोजन कराया गया था। जिसका समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पन्ना एस.पी.सिंह बघेल, अनु.अधि.पुलिस अजयगढ राजीव भदौरिया, रक्षित निरीक्षक रामखिलावन सिंह कवर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा उपस्थित रहें। सभी अतिथियों का स्वागत थाना प्रभारी यातायात नीलम लक्षकार के द्वारा किया गया तथा सड़क सुरक्षा माह 2025 में आयोजित सभी कार्यक्रमो के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्कूल कॉलेज के छात्र छात्राओ पुरूस्कृत किया गया एंव अधिकारी कर्मचारियो को शील्ड, प्रशस्ति पत्र दिये जाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान यातायात विभाग से उप निरीक्षक उमेश तिवारी, प्रधान आरक्षक कमलेश सिंह, सुनील पान्डेय, प्रभुदयाल, सहित अन्य स्टाप शामिल रहा।

## 8 फरवरी तक जल प्रदाय प्रभावित रहेगा

**पन्ना।** जल जीवन मिशन की पवई बांध समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत ग्राम उमरिया ग्यावर, रमगढ़ा एवं जनगना में 8 फरवरी तक आवश्यक रखरखाव कार्य के कारण जल प्रदाय प्रभावित रहेगा। महाप्रबंधक जल निगम शिवम सिन्हा ने बताया कि युनिप्रो टेक्नो इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. कंपनी द्वारा संचालित परियोजना में ग्राम उमरिया ग्यावर स्थित पानी की टंकी के अंदर रखरखाव, सफाई व पेंटिंग कार्य किया जाना है। पेयजल प्रदाय के लिए स्थापित अवयव और उपकरणों के सुचारू संचालन के लिए उक्त कार्य किया जाएगा। वर्तमान में परियोजना के तहत पवई एवं शाहनगर विकासखण्ड के 158 ग्रामों में प्रतिदिन शुद्ध जल का प्रदाय किया जा रहा है।

## अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय की प्रबंधन समिति की बैठक



**पन्ना।** अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई। इस मौके पर समिति के सदस्यगण डॉ. एच. एस. शर्मा, एस. कुमार चंद्रपुरिया, अभिभावक प्रतिनिधि अरुण कुमार शर्मा एवं अमृता मानके, शिक्षक प्रतिनिधि हरिओम शरण भी उपस्थित रहे। बैठक के आरंभ में विद्यालय प्राचार्य अमित दाहिया ने उपस्थितजनों का स्वागत कर बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस दौरान पूर्व में आयोजित बैठक के विषयों की समीक्षा भी की गई। विद्यालय एवं छात्रों से संबंधित एजेंडा के विभिन्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श कर अंतिम रूप प्रदान किया गया। बैठक में सीबीएसई की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा तथा विद्यालय स्तरीय परीक्षाओं के सुचारू रूप से संपन्न कराने के विषय में भी चर्चा की गई। विद्यार्थियों के शैक्षणिक भ्रमण के बारे में भी समिति को अवगत कराया गया। प्राचार्य द्वारा एकेडमिक गतिविधियों और आगामी निर्धारित कार्ययोजना के बारे में भी अवगत कराया गया।

## छात्रा से छेडख़ानी पर हेडमास्टर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**सतना।** सिंहपुर थाना क्षेत्र में गुरु-शिष्य परंपरा को कलंकित करने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य पर छात्रा के साथ छेडख़ानी का आरोप लगा है।

पुलिस ने इस मामले में अपराध पंजीबद्ध करते हुए आरोपी रामप्रताप पुत्र शंकरलाल पटेल 46 वर्ष, निवासी लोखरिया, जिला चित्रकूट(यूपी) हाल-रैगांव, को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

## ग्राम पंचायत गड़ोखर को आदर्श सांसद ग्राम पंचायत बनाई जाये : पान्डेय



**पन्ना।** मध्य प्रदेश राज्य पत्रित अधिकारी संघ के जिला प्रवक्ता डॉक्टर एमपी पान्डेय ने क्षेत्रीय सांसद वीडी शर्मा को एक सूत्रीय ज्ञापन भेजते हुए अनुरोध किया है कि गुनौर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत गड़ोखर को आदर्श ग्राम पंचायत घोषित किया जाये, तथा ग्राम पंचायत क्षेत्र में मूल भूत सुविधाओं को लागू किया जाये, जिससे उक्त ग्राम पंचायत का विकास हो सकें। डॉक्टर पान्डेय ने जुगल किशोर जी मंदिर प्रांगण मे घुमन्तू संवाददाता ऋषि कुमार मिश्रा को बताया कि राजस्व ग्राम गड़ोखर एवं कनचोरा लंबे समय से समग्र विकास के इन्तजार में है, यह पर छह विस्तर अस्पताल, अतिरिक्त लघू प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र लंबे समय से प्रतिक्षा में है। अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं का बिधिवत क्रियन्वन हो सकें इसी सिल सिले में सरपंच केवलिया, लक्ष्मण सिंह परमार, करईया लाल मिश्रा, इन्द्रपाल सिंह, सहित अनेक गणमान्य नागरिको ने विधिवत ग्राम पंचायत का प्रस्ताव पारित कराकर क्षेत्रीय सांसद वीडी शर्मा ओजस्वी विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा सहित अपर मुख्य सचिव माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय भोपाल के समक्ष आवेदन भेजकर मांग की है कि इसी वित्तीय वर्ष में जन कल्याणकारी आदेश संधारित कराकर जनता जर्नादन की पुकार को सकार करें।

## नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी मरावी द्वारा कार्यभार किया ग्रहण

**पन्ना।** जिला पंचायत के नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी मरावी द्वारा कार्यभार ग्रहण किया गया है, इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी, संजय सिंह परिहार, सहित जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात् श्री मरावी ने कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में ग्राम पंचायत के माध्यम से पारदर्शिता पूर्वक विकास एवं निर्माण कार्य कराये जायेगें, लापरवाह अधिकारी कर्मचारीयों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। ज्ञात हो कि श्री मरावी मुख्य सचिव कार्यालय से स्थानान्तरित हो कर जिला पंचायत पन्ना में पदस्थ किये गयें है।

## जेके सीमेंट हादसा में दोषी तीन अधिकारी गिरफ्तार, भेजा जेल

**पन्ना।** जेके सीमेंट प्लांट में निर्माणाधीन दूसरी यूनिट में हुए हादसे के पांच दिन बाद आखिरकार पन्ना पुलिस ने ठेका कंपनी के तीन सदस्यों पर मामला दर्ज कर लिया है तथा उन्हे जेल भेज दिया है। उनके उपर गैर इरातन हत्या का अपराध दर्ज किया गया है। जिन लोगो को गिरफ्तार किया गया है। स्वास्तिक कंपनी मुंबई के प्रोजेक्ट हेड सोनू कुमार पाण्डेय निवासी ओडिशा, सिविल इंजीनियर ललित कुमार सिंह शिवहर बिहार और सेफ्टी इंचार्ज शिवम कुमार पाण्डेय निवासी गोपालगंज बिहार के खिलाफ गैर इरादन हत्या के तहत विभिन्न धाराओं पर अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने तीनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। लापरवाही सामने आने पर और भी लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया जा सकता है। 30 दिसंबर को हुए हादसे के बाद मौके पर सागर कमिश्नर वीरेंद्र सिंह रावत, डीआईजी ललित शाक्यवार ने जांच टीम गठित की थी। जिसमे अपर कलेक्टर पन्ना, एडिशनल एसपी पन्ना,मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी परिक्षेत्र सागर, प्रभारी संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा इन्दौर, कार्यपालन यंत्री पीआईयू पीडब्ल्यूडी पन्ना और सहायक श्रम पदाधिकारी को शामिल किया गया था।

# जेके सीमेंट प्रबंधन ने मृतक के परिजन को 18 लाख की सहायता राशि का चेक सौंपा



**पन्ना।** जेके सीमेंट कंपनी प्रबंधन द्वारा गत 30 जनवरी को सीमेंट प्लांट की निर्माणाधीन सेटरिंग गिरने से सिमरिया निवासी रोहित खरे की मृत्यु पर परिजनों को 18 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक सौंपा गया है। कंपनी ने अंत्येष्टि के लिए 50 हजार की सहायता राशि भी पृथक से प्रदान की। गत गुरूवार को अमानगंज तहसील स्थित जेके सीमेंट प्लांट कंपनी में निर्माणाधीन सेटरिंग गिरने से चार मजदूरों की मृत्यु हुई थी एवं 19 मजदूर घायल हो गए थे। घायल मजदूरों को तुरंत इलाज के लिए कटनी एवं एक मजदूर को जबलपुर रेफर किया गया था।

कटनी में भर्ती 13 मजदूर क्रमशः चंद्रपाल सिंह 27 वर्ष, प्रेमचंद 30 वर्ष, मिंटू शाह 40 वर्ष, जहरुल 32 वर्ष, मोहम्मद सालम 31 वर्ष, रूपेश कुमार 21 वर्ष, कंछेदी कुशवाहा 29 वर्ष, मोहम्मद इशाक 28 वर्ष, तौकीर 18 वर्ष, रामबृज महतो 45 वर्ष, तहमीर 28 वर्ष, एमडी नूरशिद 29 वर्ष एवं शेख शकूर 40 वर्ष को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। जेके सीमेंट प्लांट में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में निर्णय अनुसार मृतकों को 18 लाख रुपए की मुआवजा राशि एवं घायलों को एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाना थी। साथ में मृतकों को अंत्येष्टि के लिए 50 हजार की आर्थिक सहायता राशि देने का निर्णय भी लिया गया था।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा की बैठकी संपन्न



**पन्ना।** पन्ना जिले के दौवन टोला राजापुर यादव परिवार के द्वारा भागवत कथा महापुराण का आयोजन किया गया है, जिसमें कलश यात्रा के साथ बैठकी कार्यक्रम संपन्न हुआ। कथा प्रवक्ता आचार्य पंडित श्री प्रदीप जी त्रिपाठी त्रंबकेश्वर नाशिक से 5 फरवरी को भगवत महंत्त और हिराण्याक्ष. 6 फरवरी श्री व्यास नारद संवाद भीष्म स्तुति 7 फरवरी सुखदेव आगमन देवहुति एवं कपिल संवाद 8 फरवरी ध्रुव चरित्र भरत चरित्र पहलाद चरित्र 9 फरवरी समुद्र मंथन श्री कृष्ण जन्म उत्सव गोवर्धन पूजा 10 फरवरी बाल लीला एवं रुक्मणी विवाह 11 फरवरी सुदामा चरित्र उद्धव संवाद परीक्षित मोक्ष 12 फरवरी कथा विश्राम एवं हवन तथा 13 फरवरी को भंडारा पूर्ण आहुती कार्यक्रम संपन्न होगा। आयोजको द्वारा कथा मे शामिल हो कर धर्म लाभ उठाने का अनुरोध किया है, कथा यजमान लाखन सिंह यादव पूर्व सोसायटी अध्यक्ष राजापुर दौवन टोला परिवार द्वारा आयोजित की गई है।

# खाना न बनने पर सुनवानी पुलिस द्वारा गरीब के साथ की बेदर्दी से मारपीट फर्जी प्रकरण किया दर्ज

### पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार



**पन्ना।** पन्ना जिले से अजीबोगरीब मामला निकलकर सामने आ रहा है जिसमें पीड़ित वीरू वर्मन ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत की है जिसमें कहा है कि उसने थाने में खाना बनाना बंद करने पर गुस्साए पुलिस वालों ने उसको थाने ले जाकर लॉकअप में बंद कर बेदर्दी से पीटा जिसमें उसका पैर भी टूट गया और फर्जी 151 धारा बनाकर जेल भेज दिया। पन्ना जिले की सुनवानी थाना अंतर्गत मामला प्रकाश में आया है जिसमें पीड़ित ने शिकायत की है कि पूर्व में थाने में खाना बनाने का कार्य किया करता था जिसमें उसे 2500 मिलते थे जिससे उसका गुजारा नहीं चलता था इस पर उसने थाने का खाना बनाना बंद कर दिया और छोटी सी चाय दुकान खोलकर बैठ गया जिसमें गुस्साए पुलिस वालों ने उसको दुकान से उठाकर लॉकअप में बंद कर बेदर्दी से मुजरिमों की तरह पीटा एवं फर्जी 151 धारा लगाकर जेल भेज दिया बेदर्दी से पिटाई कर दी, जिससे गंभीर चोटे आई। आवेदक ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर सीधी, शुक्रवार 07 फरवरी 2025




**उप मुख्यमंत्री ने रीवा प्रवास के दौरान जनता दर्शन कार्यक्रम के तहत आमजनों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं। उपमुख्यमंत्री ने स्थानीय राज निवास सर्किट हाउस में क्षेत्रीय जनों की समस्याओं का तत्काल एवं समाधान कारक निराकरण करने के निर्देश उपस्थित संबंधित अधिकारियों को दिए।**



## टीएल बैठक में कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाइन एवं सीएम की घोषणाओं के कार्यों को लेकर समीक्षा

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में गत दिवस कलेक्टर अजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री की घोषणाओं की पूर्ति, सीएम हेल्पलाइन और फाइलेरिया उन्मूलन आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में जनवरी माह के प्रकरणों का 50 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय के अंदर अनिवार्य रूप से निराकरण करें। सभी विभागीय अधिकारी विभागों से जुड़ी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए कि मुख्यमंत्री जी द्वारा विभिन्न योजनाओं की घोषणा की गई थी योजनाओं के कार्य को गति देने के लिए नियमानुसार योजना तैयार करें। हनुमना नवीन कॉलेज भवन, संस्कृत कॉलेज के पुनः



प्रारंभ करने तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हनुमना के सिविल अस्पताल के रूप में उन्नयन, खटखरी बाईपास एवं तहसील मऊगंज नगर परिषद क्षेत्र में स्टेडियम निर्माण तथा सर्व सुविधा युक्त पार्क निर्माण, देवतालाब शिव मंदिर परिसर में सर्व सुविधा युक्त धर्मशाला निर्माण तथा देवतालाब कॉलेज में स्टेडियम तथा अन्य निर्माण कार्यों के कार्य योजना में प्रगति लाने हेतु योजना अनुसार कार्य करने के लिए निर्देश दिए गए। बैठक में आगामी 10 फरवरी से फाइलेरिया उन्मूलन हेतु चलाए जा रहे अभियान की सफलता हेतु विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई। टीएल बैठक में अनुपस्थित श्रम निरीक्षक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देश दिये कि बोर्ड परीक्षाएं तथा अन्य परीक्षाएं इसी महीने प्रारंभ हो रही है। परीक्षाओं को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए सभी एसडीएम एवं तहसीलदार कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का कठोरता से पालन सुनिश्चित कराएं। कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें। बिना अनुमति और निर्धारित साउंड से तेज लाउडस्पीकर एवं डीजे अन्य प्रकार के ध्वनि विस्तारक बजते जा पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कठोरता के साथ कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित कराएं। बैठक में संयुक्त कलेक्टर राजेश मेहता, डिप्टी कलेक्टर रश्मि चतुर्वेदी, एसडीएम बीके पांडेय, एसडीएम कमलेश पुरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री आज आयेंगे रीवा

**रीवा।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत 7 फरवरी को रीवा आयेंगे। खाद्य श्री राजपूत शाम 4 बजे कटनी से प्रस्थान कर शाम 6 बजे रीवा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। खाद्य मंत्री 8 फरवरी को प्रातः 10 बजे रीवा से कार द्वारा प्रयागराज के लिए प्रस्थान करेंगे। खाद्य मंत्री दोपहर 12 बजे प्रयागराज महाकुंभ क्षेत्र में संगम घाट पर स्नान एवं पूजन-अर्चन करेंगे। खाद्य मंत्री शाम 6 बजे प्रयागराज से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 7.30 बजे विन्ध्यांचल पहुंचकर विन्ध्यवासिनी माता के दर्शन करेंगे। खाद्य मंत्री विन्ध्यांचल से रात 8.30 बजे प्रस्थान कर रात 11 बजे रीवा पहुंचेगे। रीवा में अल्प विश्राम के बाद खाद्य मंत्री प्रस्थान कर मैहर पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे।

## हृदय रोगियों को मिलेगी राहत, नि:शुल्क होगी जांच : उप मुख्यमंत्री

### सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में पेसमेकर क्लीनिक का उप मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि रीवा में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में प्रारंभ की जा रही पेसमेकर क्लीनिक ह्मदय रोगियों के लिए वरदान होगी। अब उन्हें जटिल ऑपरेशन के उपरांत लगाए जाने वाले पेसमेकर की जांच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इस क्लीनिक में मरीजों को निशुल्क जांच की सुविधा मिलेगी। श्री शुक्ल ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में पेशमेकर क्लीनिक का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल विंध्य क्षेत्र में असाध्य रोगों के उपचार के लिए वरदान बन गया है। यहां के कुशल चिकित्सकों द्वारा मरीजों का कुशलता पूर्वक उपचार किया जा रहा है और उन्हें जटिल आपरेशन व अन्य उपचार के लिए बाहर जाने से मुक्ति मिल गई है। ह्मदय रोगियों को ऑपरेशन के उपरांत लगाए जाने वाले पेशमेकर



की जांच के लिए पहले बाहर जाना पड़ता था। अब पेशमेकर लगने के उपरांत इस कंपनी के प्रोग्रामर से जांच नि:शुल्क हो सकेगी और मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। यह स्पेशल क्लीनिक हर माह के प्रथम गुरुवार को संचालित होगी, जिसमें प्रात: 9 बजे से दोपहर एक बजे तक मरीज अपनी जांच करा सकेंगे। भविष्य में इस सुविधा के विस्तार के भी कार्य होंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा को मेडिकल हब बनाने तथा चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लगातार प्रयास जारी हैं। उप मुख्यमंत्री ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में स्थापित की जाने वाली एमआरआई मशीन के लिए बनाए जा रहे स्थल का निरीक्षण किया तथा कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि एमआरआई मशीन जल्द स्थापित कराई जा सके। इस दौरान डीन मेडिकल कॉलेज डॉ सुनील अग्रवाल, अधीक्षक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल डॉ अक्षय श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष कार्डियोलॉजी विभाग डॉ व्हीडी त्रिपाठी, डॉ एसके त्रिपाठी सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

## हायर सेकण्डरी कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा 25 फरवरी से

**रीवा।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा हायर सेकण्डरी कक्षा 12वीं की वार्षिक परीक्षा 25 फरवरी से आरंभ हो रही है। हायर सेकण्डरी की परीक्षा 25 फरवरी से 25 मार्च तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 8 बजे एवं परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.45 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से 10 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 8.50 बजे उत्तर पुस्तिका एवं 5 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 8.55 बजे प्रश्न-पत्र दिए जाएंगे। प्रत्येक परीक्षार्थी का उपस्थिति पत्रक की फोटो से मिलान किया जायेगा। प्रवेश पत्र में भी फोटो लगाना अनिवार्य है। परीक्षार्थी यथा संभव पेयजल की बोतल स्वयं लेकर आएं। कक्षा 12वीं के नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की परीक्षा का प्रथम प्रश्न पत्र मंगलवार 25 फरवरी को होगा। इस दिन हिन्दी का प्रश्न पत्र होगा।

शुक्रवार 28 फरवरी को अंग्रेजी का प्रश्न पत्र होगा। शनिवार एक मार्च को उर्दू और मराठी का प्रश्न पत्र होगा। मंगलवार 4 मार्च को एनिमल हस्बैण्डरी मिल्क ट्रेड पोल्ट्रीफार्मिंग एवं फिशरीज, विज्ञान के तत्व, भारतीय कला का इतिहास, अर्थशास्त्र तथा फिजिक्स का प्रश्न पत्र होगा। बुधवार 5 मार्च को बायोटेक्नॉलाजी, गायन वादन एवं तबला पखावज का प्रश्नपत्र होगा। गुरूवार 6 मार्च को ड्राइंग एण्ड डिजाइन का प्रश्न पत्र होगा। शुक्रवार 7 मार्च को भूगोल, क्रॉप प्रोडक्शन एण्ड हार्टिकल्चर, स्टिल लाईफ एण्ड डिजाइन, शरीर रचना क्रिया-विज्ञान एवं स्वास्थ्य का प्रश्नपत्र होगा।

शनिवार 8 मार्च को बायलॉजी, सोमवार 10 मार्च को मनोविज्ञान, मंगलवार 11 मार्च को इन्फॉरमेटिक प्रेक्टिसेस तथा बुधवार 12 मार्च को संस्कृत का प्रश्न पत्र होगा। सोमवार 17 मार्च को केमिस्ट्री, इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, एलिमेंट आफ साइंस एण्ड मेथमेटिक्स यूजफुल फार एग्रीकल्चर, ड्राइंग एण्ड पेंटिंग और गृह प्रबंध पोषण एवं वस्त्र विज्ञान के प्रश्न पत्र की परीक्षा होगी।

## निर्माण कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करें : शुक्ल

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए इसे तय समय सीमा में पूरा कराएं। जिले में कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्य जारी हैं। इन निर्माण कार्यों के पूरा होने पर जिले के विकास को गति मिलेगी। लोक निर्माण विभाग के संयुक्त कार्यालय भवन का निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराएं। शेष निर्माण कार्य तीन महीने में पूरा करके इसका लोकार्पण कराएं। बीहर रिवर फ्रंट में भी शेष बचे कार्य को तेजी से पूरा करें। सर्किट हाउस के नवीन भवन का निर्माण कार्य लगभग पूरा



हो गया है। इसकी साज-सज्जा का कार्य भी एक माह में पूरा कराकर इसे लोकार्पित कराएं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण एजेंसी रीवा बाईपास का निर्माण कार्य तत्काल शुरू करे। इसे फोरलेन बनाने के लिए बिजली के पोल की शिफ्टिंग तत्काल कराएं। बारिश शुरू होने से पहले इसका बेस तैयार कर लें जिससे वर्षाकाल में भी निर्माण कार्य किया जा सके। जिला अस्पताल में ओपीडी भवन का भी निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है। फिनिशिंग वर्क भी एक माह में पूरा कराएं। उप मुख्यमंत्री ने पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत प्रस्तावित नवीन कार्यों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह ने बताया कि पॉलिटेक्निक कालेज के सामने इंजीनियरिंग कालेज के लिए एमटेक भवन तथा आवासीय भवन का निर्माण प्रस्तावित किया गया है। रीवा शहर में तीन स्थानों पर फल-सब्जी विक्रेताओं के लिए हाकर्स कार्नर भी प्रस्तावित किए गए हैं। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, क्षेत्रीय संचालक औद्योगिक विकास निगम यूके तिवारी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय न्यास लोकल लेवल कमेटी की बैठक 13 फरवरी को

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय न्यास लोकल लेवल कमेटी की बैठक 13 फरवरी को आयोजित की गई है। बाणसागर सभागार में अपरान्ह 3 बजे से आहूत बैठक में पीओ विधि संरक्षता के आवेदनों पर विचार एवं नियुक्ति, जनसुनवाई द्वारा प्राप्त लीगल गर्जियनशिप के आवेदनों पर विभाग एवं अनुमोदन, पूर्व में जारी किये गये विधिक संरक्षण की मृत्यु होने के कारण नये विधिक संरक्षक के अनुमोदन आदि विषयों पर चर्चा की जायेगी।

एनजीओ सदस्य एवं संयोजक शशिधरमणि त्रिपाठी ने समिति के सदस्यों से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है।


## पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह 8 फरवरी को आयेंगे रीवा

**रीवा।** पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह 8 फरवरी को दोपहर 12.30 बजे व्यौहारी जिला शहडोल से प्रस्थान कर दोपहर 2.30 बजे सतना जिले के रामपुर बघेलान पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री रामपुर बघेलान में शाम 4 प्रस्थान कर शाम 4.30 बजे रीवा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री 9 फरवरी को प्रातः 10.30 बजे कार द्वारा प्रस्थान कर जवा तहसील के ग्राम नगवा पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री दोपहर 1.30 बजे कार द्वारा नगवा से प्रयागराज के लिए प्रस्थान करेंगे।

## उत्खनन के समय पर्यावरण तथा वन संरक्षण मानकों का पालन करें : कमिश्नर

### खनि रियायत की बैठक में 4 प्रस्तावों को दी गयी मंजूरी

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय में आयोजित संभागीय खनि रियायत की बैठक में 4 खदानों के प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। इसमें सिंगरौली जिले की 2 तथा रीवा एवं मऊगंज जिले की एक-एक खदानें शामिल हैं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि खदानों की स्वीकृत देते समय पर्यावरण तथा वन संरक्षण के मानकों का पूरी तरह से पालन करें यदि



खदान वन सीमा के समीप है तो तारबाड़ी से सीमा बंदी करके वन क्षेत्र की ओर वृक्षारोपण कराकर ग्रीन एरिया बनाये। खदान में चारों ओर सीमा चिन्ह अनिवार्य रूप से लगवाये। निर्धारित क्षेत्र के बाहर उत्खनन करते पाये जाने पर लीज निरस्त करने की कार्यवाही करें। खनन अनुबंध में निर्धारित किये गये प्रावधानों का कठोरता से पालन सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य वन संरक्षक राजेश राय, कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला, वनमण्लाधिकारी, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, जिला खनिज अधिकारी अधिकारी दीपमाला तिवारी तथा अन्य जिलों के खनिज अधिकारी उपस्थित रहे।

## शालाओं का संचालन संस्था प्रमुख सुविधानुसार कर सकेंगे

**रीवा।** जिले में गत दिनों तापमान में हुई गिरावट के कारण विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया था। वर्तमान समय में तापमान सामान्य होने तथा वार्षिक परीक्षा निकट होने के कारण संस्था प्रमुख अपने विद्यालय का संचालन सुविधानुसार कर सकेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता ने बताया कि कक्षा नर्सरी से कक्षा 8वीं तक समस्त शालाओं का संचालन संस्था प्रमुख सुविधानुसार कर सकेंगे।

## हाईस्कूल कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 27 फरवरी से

**रीवा।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा हाईस्कूल कक्षा 10वीं की वार्षिक परीक्षा 27 फरवरी से आरंभ हो रही हैं। हाईस्कूल की परीक्षा 27 फरवरी से 21 मार्च तक आयोजित की जा रही है। परीक्षा नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 8 बजे एवं परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.45 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से 10 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 8.50 बजे उत्तर पुस्तिका एवं 5 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 8.55 बजे प्रश्न-पत्र दिए जाएंगे। प्रत्येक परीक्षार्थी का उपस्थिति पत्रक की फोटो से मिलान किया जायेगा। प्रवेश पत्र में भी फोटो लगाना अनिवार्य है। परीक्षार्थी यथा संभव पेयजल की बोतल स्वयं लेकर आएं। कक्षा 10वीं के नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की परीक्षा का प्रथम प्रश्न पत्र गुरूवार 27 फरवरी को हिंदी का होगा। शुक्रवार 28 फरवरी को उर्दू तथा शनिवार एक मार्च को नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेम वर्क के समस्त विषयों तथा आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस का प्रश्न पत्र होगा। सोमवार 3 मार्च को अंग्रेजी का प्रश्न पत्र होगा। बुधवार 5 मार्च को मराठी, गुजराती, पंजाबी, सिन्धी के प्रश्न पत्र तथा मूक बधिर और दृष्टिहीन विद्यार्थियों के लिए चित्रकला, गायन वादन, तबला पखावज और कम्प्यूटर का प्रश्न पत्र होगा।

## पाक्सो एक्ट से संबंधित कार्यशाला का हुआ आयोजन

**रीवा।** गोलवलकर महाविद्यालय रीवा में लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम पाक्सो एक्ट से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला लोक अभियोजन अधिकारी रवीन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को पाक्सो एक्ट के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय मिश्रा ने साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि इंटरनेट से जुड़े मोबाइल फोन, कम्प्यूटर और लैपटाप का सावधानी से उपयोग करें। किसी भी अनजान फोन नंबर और बेवसाइट से जुड़ने का प्रयास न करें। साइबर सुरक्षा के मानकों का पालन करते हुए नये एप्प और बेवसाइट, लिंक डाउनलोड करें। श्री मिश्रा ने लैंगिक अपराधों को रोकने के लिए किये गये कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास विभाग की बाल संरक्षण अधिकारी श्रीमती स्वाती श्रीवास्तव ने विभागीय योजनाओं तथा बच्चों के संरक्षण के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन बायोटेक विभाग के डॉ. विश्वजीत तिवारी ने किया। कार्यशाला में प्राचार्य शेषमणि शुक्ला, डॉ. आशीष पाण्डेय, बी.के. भारती, रवीश वर्मा, क्षितिज तिवारी, रेखा शर्मा एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रही।

## उप मुख्यमंत्री आज करेंगे कैंसर जागरूकता वाकथान रैली का शुभारंभ

**रीवा।** स्वास्थ्य विभाग तथा नेशनल हास्पिटल द्वारा 7 फरवरी को कैंसर जागरूकता के लिए वाकथान रैली का आयोजन किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री कलेक्ट्रेट कार्यालय से प्रातः 8 बजे रैली का शुभारंभ करेंगे। रैली कलेक्ट्रेट कार्यालय से शुरू होकर अटल पार्क सिविल लाइन रीवा पर समाप्त होगी। रैली का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में शामिल करना है। आमजनता से रैली में शामिल होने की अपील की गयी है।

## संभागीय समीक्षा बैठक के निर्णयों पर तत्परता से कार्यवाही करें : कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने विकास कार्यों की संभागीय समीक्षा बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री जी उप मुख्यमंत्री जी, सांसद एवं विधायकगणों द्वारा दिए गए निर्देशों का पूरी तरह से पालन करें। निर्माण कार्यों के संबंध में दिए गए निर्देशों पर तत्परता से कार्यवाही करें। शीघ्र ही जिला स्तर पर समीक्षा बैठकें आयोजित करके जिलों के विकास की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। संभागीय बैठक के निर्देशों पर समुचित कार्यवाही करके पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन त्योंथर फ्लो नहर



में अंतिम छोर तक पानी पहुंचना सुनिश्चित करें। संयुक्त संचालक पशुपालन गौशालाओं के गौवंश की देखभाल के लिए मनरेगा से गौसेवक की तैनाती का प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

कमिश्नर ने कहा कि जिला प्रबंधक जल निगम कंदैला समूह नलजल योजना का कार्य 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूरा कराकर योजना में शामिल गांवों की प्रत्येक बसाहट में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। टमस नदी पर पुल बनाने के लिए 40 करोड़ रुपए की कार्ययोजना बनाई गई है। इसकी प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कर निर्माण कार्य शुरू करने की कार्यवाही करें। मैहर-उमरिया मार्ग पर छोटी महानदी पर क्षतिग्रस्त पुल के सुधार के लिए टेण्डर की कार्यवाही एक माह में पूरा कराएं, जिससे पुल का सुधार कार्य शुरू किया जा सके। बैठक में बताया गया कि चित्रकूट क्षेत्र में सिंचाई सुविधा देने के लिए पाँच छोटे बांधों का निर्माण कार्य मंजूर हो गया है। सीधी से सिंगरौली फोरलेन सड़क निर्माण का कार्य जारी है। सतना जिले में दौरी सागर बांध निर्माण के डूब क्षेत्र में आने वाली वन भूमि के बदले राजस्व भूमि देने का प्रस्ताव वन विभाग को दिया जा चुका है। सीधी जिले में 108 आपातकालीन सेवा वाहनों की क्षेत्रीय स्तर पर तैनाती कर दी गई है। अतिरिक्त वाहनों के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। मैहर जिले में संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन का निर्माण कार्य पुनर्घनत्वीकरण योजना से मंजूर हो गया है। बैठक में रामनगर माइक्रो सिंचाई परियोजना, गोड़ सिंचाई परियोजना, सिरमौर से डभौरा सड़क के सुधार, सीधी जिले में पिपरोहा से मोहनिया मार्ग की गुणवत्ता की जाँच तथा बेला में सड़कों के जंक्शन में खराब सड़क के सुधार के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए। बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन मनोज तिवारी, क्षेत्रीय संचालक औद्योगिक विकास निगम यूके तिवारी, अधीक्षण यंत्री आरईएस अतुल चतुर्वेदी, कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह, उप संचालक स्वास्थ्य डॉ मेहरा, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833